Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 177 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, गुरुवार 02 जनवरी 2025 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



नागरिक आदर्शवान और अनुशासित होना चाहिये, हमारा देश निश्चित विकास करेगा।

Our country would Certainly develop it our citizens submit the mselves to idealism and discipline.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### छत्तीसगढ़ के 10 नगर निगमों में प्रशासकों की नियुक्ति आदेश जारी

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य सरकार ने 10 नगर निगमों में प्रशासकों की नियुक्ति कर इसका आदेश जारी कर दिया है। सभी 10 नगर निगमों का निर्वाचन कार्यकाल खत्म होते ही प्रशासक जिम्मेदारी संभाग लेंगे। आपको बता दे निगम चुनाव में अभी वक्त लग सकता है। ऐसे में सरकार ने प्रदेश के 10 नगर निगमों के निर्वाचन कार्यकाल के खत्म होते ही वहां प्रशासकों की नियुक्ति आदेश जारी कर दिया है। ऐसे में निगम का चुनाव फ़रवरी महीने के बाद ही संपन्न होने की उम्मींद जतायी जा रही है।

### मुख्यमंत्री साय आज 356 करोड़ रूपए लागत के 228 विकास कार्यों का देंगे सौगात

**रायपुर (आरएनएस)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय गुरूवार 02 जनवरी को अपने एक दिवसीय बस्तर जिले के प्रवास पर कुल 356 करोड़ 44 लाख रूपए से अधिक लागत के 228 विकास कार्यों की सौगात बस्तरवासियों को देंगे। जिसके तहत विधानसभा क्षेत्र नारायणपुर-84 के अन्तर्गत 13 विकास कार्यों सहित बस्तर-85 के 20, जगदलपुर-86 के 47 तथा चित्रकोट-87 के अन्तर्गत 19 कुल 188 करोड़ 40 लाख रूपए की लागत के 99 विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे। वहीं विस क्षेत्र नारायणपुर-84 के अन्तर्गत 10 विकास कार्यो सहित विधानसभा क्षेत्र बस्तर-85 के 20 विधानसभा क्षेत्र जगदलपुर-86 आदि के कार्यों भूमिपूजन करेंगे।

## नए साल के पहले ही दिन: सचिवों और विभागाध्यक्षों की बैठक में मुख्यमंत्री ने दिया शासकीय कामकाज में कसावट लाने का मंत्र





**मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नए साल के पहले ही दिन सचिवों और विभागाध्यक्षों की बैठक ली, कहा- आम जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए मुस्तैदी से करें**

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज नए साल के पहले दिन ही मंत्रालय में सभी विभागों के सचिवों और विभागों के विभागाध्यक्षों की बैठक लेकर शासकीय काम-काज में पारदर्शिता और कसावट लाने के साथ-साथ आमजनता से जुड़े मामलों का तत्परतापूर्वक त्वरित एवं प्रभावी निराकरण करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री श्री साय ने बैठक में दो टूक कहा कि प्रशासनिक काम-काज में किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी से लेकर निचले स्तर तक के अधिकारी-कर्मचारी समय पर कार्यालय आएं और पूरी मुस्तैदी से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि विकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्य को हासिल करने के लिए हम सभी को टीम भावना के साथ काम करना होगा।

मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि वर्ष 2024 में हमने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की प्रमुख गारंटियों को पूरा किया है। वर्ष 2025 छत्तीसगढ़ का रजत जयंती वर्ष है। रजत जयंती वर्ष का छत्तीसगढ़ के लिए विशेष महत्व है, इसलिए बहुत उत्साह से निष्ठापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को विशेष अभियान संचालित कर लंबित फाइलों को तत्परता से निराकृत करने की हिदायत दी। उन्होंने मंत्रालय सहित सभी ऑफिसों में ई-ऑफिस की व्यवस्था को सुचारू रूप से लागू करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि वे स्वयं सभी विभागों के कार्यों की समीक्षा करेंगे। उन्होंने सभी विभागीय सचिवों को अपने विभाग की नियमित समीक्षा करने के निर्देश देते हुए कहा कि हर महीने वर्चुअल समीक्षा के साथ ही हर 3 महीने में भौतिक समीक्षा भी की जाए। साथ ही बड़ी योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं का समयबद्ध निराकरण करने का प्रयास करें और मुख्य सचिव तथा प्रमुख सचिव को अवगत कराएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम आदमी की समस्याओं का समय पर निराकरण होना जरूरी है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि ईज ऑफ लिविंग और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस पर हमारा फोकस होना चाहिए। छत्तीसगढ़ में अभी निवेश का बहुत अच्छा माहौल बना है। छत्तीसगढ़ की औद्योगिक नीति 2024-2030 की पूरे देश में सराहना की जा रही है। नई औद्योगिक नीति का लाभ निवेशकों को मिले, इसका विशेष ध्यान रखें। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति मजबूत होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विगत एक साल में हमने नक्सल मोर्चे पर बड़ी कामयाबी पाई है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति स्थापित करने में हम कामयाब हुए हैं। शासन की योजनाओं को नक्सल प्रभावित क्षेत्रों तक ले जाने की आवश्यकता है। नियद नेल्ला नार योजना का लाभ क्षेत्र के लोगों को मिले, यह बहुत जरूरी है। नक्सली क्षेत्र में बहुत से सुरक्षा कैंप हमने खोले हैं। इस बात का ध्यान रखें कि संबंधित विभाग के कार्य जो नियद नेल्ला नार योजना के तहत आते हैं, वे त्वरित गति से इन क्षेत्रों में पूर्ण हों। छत्तीसगढ़ के दूरस्थ आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों तक शासन की योजना का लाभ पहुंचाना सेवा का कार्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिलों के प्रभारी सचिव हर 2 महीने में जिलों का दौरा करें। इस दौरान वे जिले के अंदरूनी क्षेत्रों में जाएं और फील्ड की जानकारी लें, तभी जमीनी स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति पता चलेगी। उन्होंने प्रभारी सचिवों को अपने जिले के भ्रमण के दौरान वहां की स्थिति के के सम्बन्ध में मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव अनिवार्य रूप से अवगत कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री साय ने जिलों में भी प्रशासनिक कसावट का विशेष ख्याल रखने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ट्रैफिक व्यवस्था पर भी बहुत ध्यान दिए जाने की जरूरत है।

बैठक में मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक श्री अशोक जुनेजा, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्री व्ही श्रीनिवास राव, प्रमुख सचिव, सचिव और विभागाध्यक्ष सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## नए साल पर केन्द्र सरकार ने किसानों को दिया तोहफा, खाद पर सब्सिडी बढ़ी



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** नए साल में मोदी सरकार की पहली कैबिनेट बैठक किसानों के नाम रही है। साल के पहले दिन बुधावार को हुई बैठक में डीएपी फर्टिलाइजर के लिए स्पेशल पैकेज को मंजूरी दी गई। इसके तहत फर्टिलाइजर बनाने वाली कंपनियों को सरकार की ओर से सब्सिडी भी दी जाएगी। केंद्र सरकार द्वारा यह सब्सिडी (स्पेशल पैकेज) 31 दिसंबर 2025 तक दी गई है।

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक के बाद मीडिया को बताया कि किसानों को डीएपी का 50 किलो का बैग 1,350 रुपये में उपलब्ध कराया जाएगा। यह वन टाइम पैकेज काफी महत्वपूर्ण है। पड़ोस के देशों में डीएपी का 50 किलो का बैग तीन हजार रुपये से ज्यादा में मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय मार्केट में भले ही कैसे भी स्थिति आ जाए हमें अपने किसानों को सुरक्षित करना है। उनके ऊपर बोझ नहीं डालना है। उन्होंने राज्य सरकारों से अपील की है कि डीएपी के नाम पर कुछ लोग किसानों को ठगने का प्रयास करेंगे। मैं उन्हें चेतावनी देता हूं कि अगर कोई ऐसा करते हैं तो उन पर कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने बताया कि इस पैकेज पर लगभग 3,850 करोड़ रुपये की लागत होगी। साल 2014 से लेकर अब तक कोविड-19 का वह दौर भी आया जब स्थिति काफी खराब थी। लेकिन, हमारी सरकार और पीएम मोदी ने सुनिश्चित किया है कि किसानों को बाजार के उतार-चढ़ाव का खामियाजा न उठाना पड़े। 2014-24 तक उर्वरक सब्सिडी 11.9 लाख करोड़ रुपये थी जो 2004-14 के दौरान दी गई सब्सिडी से दोगुनी से भी अधिक है।

कैबिनेट की बैठक में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना को 2025-26 तक जारी रखने को मंजूरी दी। इस निर्णय से 2025-26 तक देश भर के किसानों के लिए न रोकी जा सकने वाली प्राकृतिक आपदाओं से फसलों के जोखिम कवरेज में मदद मिलेगी। इसके अलावा, योजना के क्रियान्वयन में बड़े पैमाने पर प्रौद्योगिकी के उपयोग से पारदर्शिता और दावा गणना और निपटान में वृद्धि होगी। इसके लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 824.77 करोड़ रुपये की राशि के साथ नवाचार और प्रौद्योगिकी कोष (एफआईएटी) के निर्माण को भी मंजूरी दी है।

## वन नेशन वन राशन कार्ड : ई-केवाईसी कार्य में तेजी लाने के निर्देश

**रायपुर (विश्व परिवार)।** केन्द्र सरकार के निर्देश वन नेशन वन राशन कार्ड के तहत छत्तीसगढ़ राज्य में भी तेजी के साथ ई-केवाईसी कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में हितग्राहियों का ई-केवाईसी कार्य तेजी से किया जा रहा है। गौरतलब है कि भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार सभी राशन कार्ड धारकों का ई-केवाईसी, ई-पॉस उपकरण के माध्यम से पूरा किया जाना अनिवार्य है। वर्तमान में राज्य के कुल 2.71 करोड़ हितग्राहियों में से 2.33 करोड़ का ई-केवाईसी पूरा हो चुका है, जबकि 38 लाख का कार्य शेष है। जिला एमसीबी के अधिकारियों ने बताया कि जिले के कुल 3 लाख 65 हजार 697 राशन कार्ड धारकों में से अब तक 3 लाख 02 हजार 935 का ई-केवाईसी पूर्ण कर लिया गया है। शेष 62 हजार 762 हितग्राहियों का ई-केवाईसी किया जा रहा है। जिले में ई-केवाईसी कार्य की प्रगति 81.39 प्रतिशत है, जो कि राज्य के औसत 84.76 प्रतिशत से कम है। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने शत-प्रतिशत ई-केवाईसी कार्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

## नए साल में साय सरकार ने 2009 बैच के 9 आईएएस अफसरों को दी पदोन्नति

**रायपुर (आरएनएस)।** नए साल के पहले ही दिन साय सरकार ने 2009 बैच के 9 आईएएस अफसरों को पदोन्नति का तोहफा मिला है। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार आयुक्त सह-संचालक स्वास्थ्य सेवाएं आईएएस डॉ. प्रियंका शुक्ला को आयुक्त स्वास्थ्य सेवाएं तथा अतिरिक्त प्रभार विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग बनाया गया है। आईएएस किरण कौशल को आयुक्त चिकित्सा शिक्षा, आईएएस अवनीश कुमार शरण को कलेक्टर बिलासपुर, आईएएस सौरभ कुमार संचालक नगर तथा ग्राम निवेश को मुख्य कार्यपालन अधिकारी नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण की जिम्मेदारी दी गई है। संचालक भौमिकी तथ खनिकर्म विशेष तथा अतिरिक्त प्रभार सचिव खनिज साधन विभाग विशेष सचिव ऊर्जा विभाग, प्रबंध संचालक छग राज्य खनिज निगम आईएएस सुनील कुमार जैन को संचालक भौमिकी तथ खनिकर्म तथा अरिक्ति प्रभार विशेष कर्तव्स्थ अधिकारी खनिज साधन



विभाग, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी ऊर्जा विभाग, प्रबंध संचालक छग राज्य खनिज निगम बनाया गया है। इस प्रकार नारायणपुर कलेक्टर विपिन मांझी को सचिव लोक आयोग, आयुक्त बस्तर संभाग डोमन सिंह को आयुक्त आयुक्त बस्तर संभाग जगदलपुर बनाया गया है। साथ ही विशेष सचिव राजस्व व आपदा प्रबंधन विभाग आईएएस के डी. कुंजाम को पदोन्नत कर सचिव धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग तथा अतिरिक्त प्रभार विशेष कर्तव्स्थ अधिकारी राजस्व व आपदा प्रबंधन विभाग, संचालक मुद्रण एवं लेखन सामाग्री बनाया गया है। इसके अलावा केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति पर गए आईएएस अय्याज तम्बोली को प्रोफार्मा पदोन्नति दी गई है।

## नवा रायपुर में बनेगा एआई डाटा सेंटर

**रायपुर (विस)।** आधुनिक समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की बढ़ती उपयोगिता और वैश्विक स्तर पर एआई सर्विसेज की बढ़ती आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव सायएवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी के नेतृत्व में नवा रायपुर अटलनगर में राज्य का पहला एआई डाटा सेंटर बनाया जाएगा। नवा रायपुर अटलनगर विकास प्राधिकरण ने निविदा जारी की गई है। निर्माण के लिए सेक्टर-22 में 14 एकड़ भूमि का चिन्हांकन भी किया गया है। इस एआई डाटा सेंटर से वैश्विक पटल पर नवा रायपुर अटल नगर को अलग पहचान मिलेगी, क्योंकि विश्व की कई बड़ी कंपनियां एआई डाटा प्रोसेसिंग संबंधी काम यहां से संचालित करेंगी। शहर में एक नया इको सिस्टम तैयार होगा, जिससे एआई स्किल्ड युवाओं को रोजगार मिलेंगे, साथ ही फॉरेन करेंसी से व्यापार होने पर राज्य की अर्थव्यवस्था को भी लाभ होगा।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर नए वर्ष में मरीजों को मिलेगी बेहतर सुविधाएं



**स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल के निर्देश पर रायगढ़ मेडिकल कालेज चिकित्सालय के सुविधाओं में किया गया विस्तार**

**रायपुर (विश्व परिवार)।** रायगढ़ मेडिकल कालेज 35मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की पहल पर शासकीय अस्पतालों में आम नागरिकों को मिलने वाली चिकित्सा सुविधाओं में लगातार विस्तार किया जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर नए वर्ष की शुरूआत में ही चिकित्सा सुविधाओं की सभी लोगों को सुगम एवं सहज उपलब्धता सुनिश्चित हो सके, यह प्रयास किया जा रहा है। स्व.श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध संत बाबा गुरु घासीदास जी स्मृति शासकीय चिकित्सालय रायगढ़ में शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना की सुविधा हेतु सभी तलों (फ्लोर )में कक्ष का शुभारंभ 1 जनवरी 2025 को किया गया है। वित्त मंत्री और रायगढ़ के स्थानीय विधायक श्री ओ. पी. चौधरी ने स्वास्थ्य सेवाओं की सुगम उपलब्धता हेतु किया जा रहे इस पहल का स्वागत किया है।

मेडिकल कालेज रायगढ़ के अधिष्ठाता डॉ. विनित कु ?मार जैन एवं अस्पताल अधीक्षक डॉ. एम. के. मिंज के अनुसार इस सुविधा विस्तार से भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों को काफी सुविधा होगी।इससे अनावश्यक भीड़ एवं कतार का सामना नहीं करना पड़ेगा और समय की बचत होगी। पूर्व में यह सुविधा सिर्फ एमआरडी के रजिस्ट्रेशन ओपीडी काऊंटर के समीप ही उपलब्ध थी। अस्पताल अधीक्षक डॉ. एम के मिंज के अनुसार आयुष्मान योजना कक्ष के विस्तार के साथ ही चिकित्सालय में अब ओपीडी , आईपीडी मरीज़ के जाँच के लिये अलग से जाँच पर्ची कटवाने की आवश्यकता नहीं हैं। सभी जांच पूर्णतः निःशुल्क है। ओपीडी की 10 रुपये की पंजीयन पर्ची एवं आईपीडी मरीज के लिये 85 रुपये की पर्ची के अलावा अलग से पर्ची कटवाने की आवश्यकता नहीं हैं।

## निःशुल्क प्लास्टिक सर्जरी शिविर 5 और 6 जनवरी 2025 को सुयश हॉस्पिटल रायपुर में




**रायपुर (विश्व परिवार)।** कीर्तिशेष स्वर्गीय कन्हैयालाल जी गंगवाल की स्मृति में भारतीय जैन संघटना द्वारा आयोजित निःशुल्क प्लास्टिक सर्जरी शिविर का आयोजन रविवार 5 जनवरी एवं सोमवार 6 जनवरी 2025 को सुयश हॉस्पिटल, कोटा रोड गुड़ियारी रायपुर मे आयोजित होने जा रहा है, अमेरिका से आ रहे डॉक्टर लैरी एवं उनकी टीम द्वारा कटे फटे होंठ एवं तालू, पलकों की विकृति, चेहरे के दाग धब्बे की प्लास्टिक सर्जरी यहां निःशुल्क की जाएगी। शिविर हेतु रजिस्ट्रेशन एवं जांच रविवार 5 जनवरी 2025 को प्रातः 9 बजे 12 बजे तक किया जाना सुनिश्चित हुआ है जिसमें मरीजों को जांच के लिए खाली पेट आना अनिवार्य है। सुयश हॉस्पिटल इस शिविर में ऑपरेशन थियेटर देकर विशेष सहयोग प्रदान कर रहा है।

प्रबंधन समिति में बीजेएस समता एवं चौबे कॉलोनी शाखा अग्रणी भूमिका में रहेगा। उक्त जानकारी भारतीय जैन संघटना के छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष विजय गंगवाल व प्रदेश महासचिव सीए विकास गोलछा ने प्रदाय की।

## यूनिटी मॉल परियोजना के लिए केन्द्र सरकार ने छत्तीसगढ़ को दी 200 करोड़ रूपए की स्वीकृति

**राष्ट्रीय एकता को मिलेगी मजबूती और राज्यों के बीच बढ़ेगा आर्थिक एवं सांस्कृतिक आदान-प्रदान : सीएम**

**यूनिटी मॉल से स्थानीय उत्पादों और रोजगार को मिलेगा बढ़ावा**



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा राज्य में ओडीओपी (वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट) मॉडल को प्रोत्साहित करने एवं स्थानीय उत्पादों के विक्रय को बढ़ावा देने के लिए यूनिटी मॉल की स्थापना की जा रही है।

यूनिटी मॉल की स्थापना से स्थानीय हस्तशिल्पियों, बुनकरों और स्वयं सहायता समूहों को प्रोत्साहन मिलेगा और नए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। मॉल में उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय होने से हस्तशिल्पियों को प्रोत्साहन मिलेगा तथा राज्य के छोटे उद्यमियों, शिल्पकारों एवं बुनकरों को लाभ मिलेगा। यह स्थानीय उत्पादों के प्रमोशन एवं विक्रय के लिए "वन स्टॉप मार्केट प्लेस" के रूप में कार्य करेगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यूनिटी मॉल राज्य के गरीबों, युवाओं, अन्नदाताओं, और नारी शक्ति के विकास के लिए एक क्रांतिकारी कदम है। यह राज्य की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के साथ ही स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन को भी बढ़ावा देगा। साथ ही यह मेक इन इंडिया और राष्ट्रीय एकता को भी प्रोत्साहित करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार प्रदेश वासियों के विकास के साथ राष्ट्रीय एकीकरण एवं मेक इन इण्डिया जैसे महत्वपूर्ण विषयों को अपनी प्राथमिकता मानती है। राज्य में स्थापित किये जाने वाले यूनिटी मॉल में अन्य सभी राज्यों के महत्वपूर्ण स्थानीय उत्पादों का भी प्रदर्शन एवं विक्रय किया जाएगा। इससे राष्ट्रीय एकता को मजबूती मिलेगी और विभिन्न राज्यों के बीच आर्थिक एवं सांस्कृतिक आदान-प्रदान बढ़ेगा।

मुख्यमंत्री ने बताया कि हस्तशिल्पियों, बुनकरों, स्वयं सहायता समूहों एवं स्थानीय लोगों को प्रोत्साहित करने तथा स्थानीय स्तर पर नवीन रोजगार सृजन करने स्वस्थ इकोसिस्टम तैयार करने की दिशा में छत्तीसगढ़ सरकार के इस रिफॉर्म के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर केन्द्र सरकार द्वारा पूर्ण सहयोग दिया जा रहा है। राज्य में यूनिटी मॉल की स्थापना के लिए केंद्र सरकार ने 200 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है, जिसमें से 100 करोड़ रुपये राज्य को कैपेक्स (पूंजीगत व्यय) के तहत अग्रिम रूप में प्रदान किए गए हैं।

## नौकरी से हटाए गए बीएड सहायक शिक्षकों ने भाजपा कार्यालय का किया घेराव

**रायपुर (विसं)।** छत्तीसगढ़ में नौकरी से हटाए गए बीएड सहायक शिक्षकों ने बुधवार को भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर का घेराव कर दिया। बर्खास्त शिक्षकों ने बीजेपी कार्यालय में जमकर नारेबाजी करते हुए अपनी गिरफ्तारी दी। इसके बाद सरकार ने सहायक शिक्षकों के समायोजन और अन्य संभावनाओं के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय प्रशासनिक कमेटी बनाने का फैसला किया है।

बता दें कि नौकरी से हटाए गए बीएड सहायक शिक्षक नया रायपुर के तूता धरना स्थल में पिछले 13 दिनों से आंदोलन कर रहे हैं। कोर्ट के फैसले के बाद प्रदेश में सहायक शिक्षक के पद से 2,900 शिक्षकों को बर्खास्त किया गया है। बर्खास्तगी की कार्रवाई से काफी आक्रोश है। इसी कड़ी में बुधवार को शिक्षकों ने भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर का घेराव किया।

## पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर में 18 चिकित्सा शिक्षकों का संविदा नियुक्ति आदेश जारी

**मेडिकल कालेज रायपुर एवं चिकित्सालय परिसर में सुरक्षा व्यवस्था हेतु 12 गार्ड एवं 10 बंदूकधारी सुरक्षा कर्मियों की हुई तैनाती**



**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने के उद्देश्य से पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर में गुणवत्ता पूर्ण चिकित्सा शिक्षा के लिए एक साथ 18 चिकित्सा शिक्षकों की संविदा नियुक्ति की गई है। उल्लेखनीय है कि मेडिकल कालेज रायपुर में पहली बार एक साथ इतने संविदा चिकित्सा शिक्षकों की नियुक्ति की गई है। डॉ. रूमी कुमार, सहायक प्राध्यापक प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग, डॉ. हर्षिता भाटिया सहायक प्राध्यापक रेडिएशन अंकोलॉजी, डॉ. कमलकांत साहू, सहायक प्राध्यापक फॉरेंसिक मेडिसीन, डॉ. स्निग्धा कुमारी सहायक प्राध्यापक (कार्डियक निश्चेतना) सीटीव्हीएस विभाग, डॉ. रचना रिची पांडेय सहायक प्राध्यापक (अंकोनिश्चेतना) रेडियोथेरेपी विभाग, डॉ. अविनाश बंजारे (अंकोनिश्चेतना) रेडियोथेरेपी विभग, डॉ. श्रूती तूरकर सहायक प्राध्यापक (एनेस्थिसिया) क्रिटिकल केयर, डॉ. संध्या वर्मा सीनियर रेसीडेंट पैथोलॉजी, डॉ. रेबिना यादव सीनियर रेसीडेंट पैथोलॉजी विभाग, डॉ. प्रिंशी चौधरी सीनियर रेसीडेंट नेत्र रोग, डॉ. पियूषी साव सीनियर रेसीडेंट नेत्र रोग, डॉ. सुरभि चौबे सीनियर रेसीडेंट ईएनटी, डॉ. पारूल राठी सीनियर रेसीडेंट ईएनटी, डॉ. शुभांगन मिश्रा सीनियर रेसीडेंट प्रसूति एवं स्त्री रोग, डॉ. नील पसरीजा सीनियर रेसीडेंट अस्थि रोग, विनय मिश्रा रजिस्ट्रार मेडिकल फिजिक्स, अनजुम मिश्रा रजिस्ट्रार मेडिकल फिजिक्स, अनुराग संचय कालकुलेवर रजिस्ट्रार मेडिकल फिजिक्स की चिकित्सा शिक्षक के रूप में संविदा नियुक्ति की गई है।

स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश पर कार्डयो वैस्कुलर एवं थोरेसिक सर्जरी विभाग में बाईपास सर्जरी प्रारंभ करने हेतु 3 परफ्युजनिस्ट एवं 3 फिजिशियन असिस्टेंट की संविदा आधार पर नियुक्ति की प्रक्रिया जारी है। इसके साथ ही डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय रायपुर में 57 वार्ड ब्वाय एवं 17 स्वीपर सहित कुल 74 सफाई कर्मियों की नियुक्ति भी की गयी है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय राज्य में गुणवत्तायुक्त चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार पहल कर रहे हैं। इसके साथ ही मरीज एवं उनके परिजनों की सुरक्षा के लिए भी मुख्यमंत्री श्री साय संवेदनशीलता के साथ निर्णय ले रहे हैं। इन निर्णयों से अस्पताल में सुरक्षा की स्थिति मजबूत होने के साथ ही स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतरी एवं चिकित्सा छात्रों के पठन-पाठन में सुधार भी देखा जा रहा है। इसी कड़ी में स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर मेडिकल कालेज एवं चिकित्सालय परिसर में सुरक्षा व्यवस्था के सुदृढीकरण हेतु 12 गार्ड एवं 10 गनमैन की भी तैनाती की गई है।


उल्लेखनीय है कि मेडिकल कालेज और अस्पतालों की सुरक्षा को लेकर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की पहल पर स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने शीघ्र ही बंदूकधारी सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की बात कही थी।

## नववर्ष वर्ष व आगामी नगर पंचायत चुनाव के मद्देनजर एसपी बैंकर ने रखा बदमाशों पर कड़ी नजर

### वाहनों की बढ़ाई चेकिंग, देर रात थानों पर किया निरीक्षण

### पिकनिक स्पॉट एवं क्षेत्र में शांति -व्यवस्था के दिए निर्देश

### ऑपरेशन मुस्कान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले को करेंगे सम्मानित



**बलरामपुर (विश्व परिवार)।** नववर्ष वर्ष व आगामी नगर पंचायत चुनाव के मद्देनजर एस पी वैभव बैंकर बदमाशों पर कड़ी नजर रखे हुए है। वहीं जगह -जगह वाहनों की चेंकिंग की जा रहीं है। वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के साथ बाईकर्स को हेलमेंट पहनने की समझाईस दे रहें। मंगलवार को देर रात रात्रि में एसपी वैभव बैंकर द्वारा थाना बसंतपुर, थाना त्रिकुण्डा, थाना रामानुजगंज, चौकी डौरा, चौकी विजयनगर, चौकी वाड्रफनगर का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक भारद्वाज सिंह, थाना प्रभारी त्रिकुण्डा उप निरीक्षक रामनगीना यादव, थाना प्रभारी रामानुजगंज निरीक्षक रमाकांत तिवारी, चौकी प्रभारी डौरा उप निरीक्षक विजय दुबे, चौकी प्रभारी वाड्रफनगर उनि डाकेश्वर सिंह एवं चौकी प्रभारी विजयनगर सउनि अश्विनी सिंह उपस्थित रहें। एस पी ने सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में शांति-व्यवस्था कायम रखने तथा पिकनिक स्पॉट व क्षेत्र में शांति -व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इसके आलावा उन्होंने अराजक तत्वों पर सूक्ष्म निगाह रखते हुए उनके विरूद्ध विधि अनुसार कठोर कानूनी कार्यवाही करने थाना चौकी प्रभारीगण को निर्देशित किया। एस पी ने कहा थाना, चौकी प्रभारीगण को ऑपरेशन मुस्कान में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित की जाएगी।

## नववर्ष का जश्न माना स्वदेशी मेला में सिपहसालारों ने छेड़ा मधुर राग, स्वदेशी मेला का आज होगा समापन



**रायपुर (विश्व परिवार)।** न्याय, अनुसाशन और सख्त मिज़ाजी के लिए पहचाने जाने वाले प्रदेश के सिपहसालारों ने संगीत की वो मधुर ताने छेड़ी की लोग देखते रह गए। शहर के साइंस कॉलेज मैदान में विगत दिनों से जारी स्वदेशी मेला में भीतर छिपी प्रतिभा को निखारने के साथ, स्वाद, मनोरंजन और उत्पादों प्रदर्शित किया जा रहा है। मेले का समापन शुक्रवार को होगा।

छत्तीसगढ़ राज्य सहित कई राज्यों के देसी स्थानीय स्तर पर तैयार किए जाने वाले रोजमर्रा के सामानों को प्लेटफार्म स्वदेशी मेला के माध्यम से दिया जा रहा है। मेले में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर और मोतीलाल साहू विधायक रायपुर ग्रामीण विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। मेले में लोगों की प्रतिभा को निखारने तथा लोक कलाओं को उभारने, संरक्षण भी दिया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार शाम को रायपुर पुलिस संगीत ग्रुप द्वारा अनूठा कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इसमें पुलिस विभाग के कई अधिकारियों और पुलिसकर्मियों करुण सरोज, अतुल मिश्रा, संजय देवस्थले, जावेद अंसारी, धीरज मरकाम, रेणुका सुब्बा, जयंत पॉल, वीरेंद्र राई, शेखर राजपूत, भावना तिवारी, जितेंद्र सारथी, कमल देवांगन, भेनू लोधी, शशि चौहान, रामलाल सिंहा और श्रीनिवास शामिल थे। इन्होंने फिल्मी गीतों सहित लोकगीतों की शानदार प्रस्तुतियाँ दीं। जिसमें मेहंदी प्रतियोगिता दो वर्गों में आयोजित हुई। जिसमें 70 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। 17 तक के ग्रुप ए में प्रथम सिद्धि वर्मा, द्वितीय वर्ष विश्वकर्मा, व तृतीय नमन ओझा तथा इससे अधिक आयु के ग्रुप बी में प्रथम नरेंद्र परमार, द्वितीय उमा बाग व तृतीय ज्योति सोनी रहीं। इसमें कलाकारों ने भरवा स्टाइल से सुंदर आकृतियों को हथेली और कलाइयों पर मेहंदी रचाई। राजमहल, स्वदेशी मेला प्रांगण, प्रकृति चित्रण जैसे विषयों को समाहित करते हुए सीमित स्थान में बारीक कलाकारी की गई। इस प्रतियोगिता के जज मौसमी जोश, नम्रता अग्रवाल व प्रपजीत कौर थीं। प्रतियोगिता की प्रभारी नीलम वर्मा, लक्ष्मी यादव, नंदिनी ठाकुर, अर्चना वोरा, सीमा काँटकार, कल्पना चाकी, रेहाना ख़ान, अनीता दुबे, अरुणा यादव और गौरी अवधिया थीं। दोपहर में हुए दैनिक व्याख्यानमाला में अक्षय अलंकारी आर एस एस ने बतौर वक्ता पर्यावरण के संरक्षण पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमिताभ और डॉ. अनिल द्विवेदी थे।

संध्याकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में केरल की हरीतिमा, विविधता और सांस्कृतिक विरासत की शानदार झलक दिखाई दी। केरल नायर समाज के लोगो ने मलयालम भाषा और ख़ास पहनावे से सजे कलाकारो ने मनभावन नृत्य और संगीत की प्रस्तुति दी। इसके प्रभारी गोपा कुमार थे।इसके साथ ही छत्तीसगढ़ी के रीति रिवाजो से रचे बसे लोक नृत्य सुआ, कर्मा और संगीत की धुनों पर थिरकते कलाकारों ने समा बाँध दिया।जिसमे प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान को प्राप्त हुआ। केरला के साध्या, पुट्ट, कडाला, कल्लप्पम आदि लज़ीज़ पकवानों का स्वाद लोगों को खूब पसंद आया।

कार्यक्रम में मेला प्रबंधक सुब्रत चाकी, संयोजक प्रवीण मैशेरी, सह संयोजक द्वय अमरजीत सिंह छबड़ा व मनीषा सिंह, महिला कार्य सह प्रमुख इला गुप्ता, शताब्दी पांडे, जगदीश पटेल, शीला शर्मा, दिग्विजय भाकरे, प्रवीण देवड़ा, विनय शर्मा, इंदिरा जैन, सुनीता चंसोरिया, तृप्ति चौहान, डॉ.मंजुला जैन सहित कार्यकर्ता विशेष रूप से मौजूद रहे।

## पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना रजिस्ट्रेशन के साथ साथ, घर-घर आयुष्मान कार्ड भी बनाया जाएगा



**दुर्ग (विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम। जिला कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के आदेश और कमिश्नर सुमित अग्रवाल के निर्देश पर नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत क्रमांक अनुसार सभी वार्डों में शिविर के माध्यम से या घर-घर जाकर शेष बचे हितग्राही एवं 70+ वर्ष की आयु के बाद वाले का आयुष्मान कार्ड के साथ- साथ प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना का आवेदन भराये जाने के लिए DAY-NULM योजनांतर्गत कार्यरत् सामुदायिक संगठकों की ड्यूटी 08 वार्डो में दिनांक 01 एवं 03 जनवरी 2025 को ड्यूटी लगाई गई है।सिटी मिशन प्रबंधक मुक्तेश कान्हे एवं मनीष कुमार त्रिपाठी की ड्यूटी मानिटरिंग कर समय-समय पर दिये गये निर्देश के पालन करेंगें।

बता दे कि वार्ड क्रमांक 39 कचहरी वार्ड, पोटिया कला दक्षिण वार्ड 54, मोहन नगर वार्ड क्रमांक 12 पश्चिम, नया पारा वार्ड क्रमांक 01, सिविल लाइन वार्ड क्रमांक उत्तर 47, कसारिडीह पश्चिम वार्ड क्रमांक 42 के अलावा शहीद भगत सिंग उत्तर वार्ड क्रमांक 20 सहित स्टेशन पारा वार्ड क्रमांक 22 में शिविर के माध्यम से या घर-घर जाकर शेष बचे हितग्राही एवं 70+ वर्ष की आयु के बाद वाले का आयुष्मान कार्ड के साथ- साथ प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना का आवेदन भराया जाएगा।पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के रजिस्ट्रेशन साथ साथ, घर -घर आयुष्मान कार्ड का भी बनाया जाएगा!

## निगम भिलाई के 5 अधिकारी और कर्मचारियों को दी गई बिदाई



**भिलाईनगर (विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम भिलाई में 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके 2 अधिकारी एवं 3 कर्मचारियों को ससम्मान बिदाई दी गई। मुख्य कार्यालय सभागार में मंगलवार को निगम प्रशासन की ओर से अधिकारी/कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह, शॉल और श्रीफल भेंट करते हुए सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना किये। इसके पूर्व सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों ने भिलाई निगम में सेवाकाल के दौरान कार्य एवं अनुभव को साझा करते हुए बी.के.वर्मा ने कहा हम सब पूर्व साडा के समय से विभिन्न विभागो में कार्य करते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन किए। हम सबको गर्व है अपनी क्षमता के अनुसार कार्य किए।

नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने संयुक्त संचालक क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग में पदस्थ अधीक्षण अभियंता श्री सतीश कुमार वर्मा, जोन क्रमांक-3 से कार्यपालन अभियंता श्री बी.के. वर्मा, हेल्पर/क्लीनर श्री अनिल देशमुख, जोन क्रमांक-2 से पम्प सहायक श्री पूषण लाल देशमुख एवं वाहन चालक श्री झग्गर राम यादव को निगम प्रशासन की ओर से प्रशस्ति पत्र प्रदान किये। आयुक्त श्री पाण्डेय ने उपस्थित अधिकारियो एवं कर्मचारियो से कहा कि हमारा पूरा प्रयास है, कि आप लोगो को देय राशि समय पर मिल जाए। हम सब प्रयास कर रहे है। किसी भी प्रकार की आवश्यकता होने पर सेवानिवृत्त अधिकारी/कर्मचारी हमसे बेजिझक आकर मिल सकते और अपनी समस्या बता सकते है। अंत में सभी कर्मचारियो को निगम के सभागार में 31 दिसम्बर 2024 को बिदाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आने वाले नववर्ष 2025 की शुभकानाएं दी गई। बिदाई कार्यक्रम में उपायुक्त, अधीक्षण अभियंता, जोन आयुक्त, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, उपअभियंता, स्वास्थ्य अधिकारी, जोन के अधिकारी/ कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## नववर्ष पर स्वरोजगार के लिए दिव्यांग रामभरोसा को मदद



**रायपुर (विश्व परिवार)।** दुर्घटना के कारण दिव्यांग हुए रामभरोसा निर्मलकर को नववर्ष के पहले ही दिन चरामेती फाउंडेशन ने नमकीन, पानी आदि के पाउच देकर स्वरोजगार हेतु प्रेरित किया। संस्था के राजेंद्र ओझा ने बताया की रामभरोसा जी की पत्नी भी दिव्यांग है एवं उनके बच्चे पूर्व माध्यमिक स्तर की शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। रामभरोसा ने चरामेति फाउंडेशन के प्रति न केवल आभार व्यक्त किया अपितु इस लघु व्यवसाय को निरंतर जारी रखने की भी बात कही।

## भव्य तिरंगा यात्रा से किया नववर्ष 2025 का स्वागत



**रायपुर (विश्व परिवार)।** शहर के प्रमुख मार्ग आज सुबह भारत माता और भारतीय सेना के जयकारे से गुंजायमान हो गए जब छत्रपति शिवाजी स्कूल के विद्यार्थियों ने नववर्ष के स्वागत में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अग्रवाल सभा के अध्यक्ष विजय अग्रवाल, विशेष अतिथि छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के अध्यक्ष अनुराग अग्रवाल व कोलंबिया कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरुण दुबे थे। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को देश सेवा का महत्व बताते हुए देश हित में काम करने की अपील की। अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा का शुभारंभ किया।स्कूल संचालक मुकेश शाह ने बताया कि विद्यार्थियों के मन में देशप्रेम की भावना से नववर्ष का स्वागत करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष छत्रपति शिवाजी स्कूल द्वारा एक जनवरी को विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जाती है। इस वर्ष भी भव्य तिरंगा यात्रा आज एक जनवरी को ठीक सुबह सात बजे श्री अंबा देवी मंदिर प्रांगण, सत्तीबाजार से निकाली गई जो वहां से आजाद चौक, तात्यापारा, फूलचौक, जयस्तंभ चौक, मालवीय रोड, कोतवाली चौक, सदर बाजार होते हुए वापस अंबा देवी मंदिर में समाप्त हुई। यात्रा में सभी विद्यार्थियों के हाथों में तिरंगा झंडा व देशभक्ति के नारों वाली तख्तियां थीं।


### दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
**निविदा सूचना**

(1) निविदा संख्या टीआरडी-बीएसपी-268-24-25 दिनांकः 18/12/2024. कार्यः अकालतरा टीएसएस से 2 नग 30/42 MVA पावर ट्रांसफार्मर स्थानांतरित करने के साथ बेलगहना टीएसएस का आवर्धन, निविदा मूल्यः 1,10,93,066.64/-, अमानत राशिः 2,05,500.00/-, निविदा जमा करने की तिथि व समय दिनांकः 09/01/2025 के 15:00 बजे तक।
(2) निविदा संख्या टीआरडी-बीएसपी-269-24-25 दिनांकः 18/12/2024 कार्यः बिलासपुर डिवीजन में टावर कार, टावर वैगनों का 02 वर्षों के लिए वार्षिक मरम्मत अनुबंध (एआरसी), निविदा मूल्यः 5,09,42,491.01/-, अमानत राशिः 4,04,700.00/-, निविदा जमा करने की तिथि व समय दिनांकः 15/01/2025 के 15:00 बजे तक। पात्रता के मापदंड तथा अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कृपया हमारे वैबसाइट www.ireps.gov.in पर पधारे। निविदा सूचना को वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियंता (क.वि.), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर (छ.ग.) के कार्यालय के नोटिस बोर्ड से भी देखे जा सकते हैं।
वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.वि.),
सीपीआर/10/PR/402 दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर (छ.ग.)
South East Central Railway @secrail

### कार्यालय नगर पंचायत माना कैम्प, जिला रायपुर (छ.ग.)
EMAIL : nagarpanchayatmanacamp@gmail.com
क्र/ 1488/न.प./लो.नि.वि./2024-25 माना कैम्प, दिनांक 01/01/2025
**निविदा आमंत्रण सूचना**
एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित भवन मरम्मत कार्य हेतु मैनुअल निविदा पी.डब्लू.डी. एस.ओ.आर. भवन 01.01.2015 एवं इलेक्ट्रीकल एस.ओ.आर 01.06.2020 पर प्रपत्र "अ" प्रतिशत दर पर आमंत्रित की जाती है।

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु.लाख में) | निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| नगर पंचायत माना कैम्प क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर 05 नग सार्वजनिक सह सामुदायिक शौचालय मरम्मत कार्य | 3.9 | 17.01.2025 शाम 5.00 बजे तक |

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में नगर पंचायत माना कैम्प के लोक निर्माण विभाग से प्राप्त की जा सकती है, साथ ही यह जानकारी वेब पोर्टल : www.uad.cg.gov.in से भी प्राप्त/डाउनलोड की जा सकती है।

### कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर (छ.ग.)
email Id- eocghbzone1@gmail.com
**आम-सूचना**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कंचनजंघा परिसर, कबीर नगर कालोनी, रायपुर में निर्मित दुकानों/भूखण्डों/भवनों में से दुकानों/भूखण्ड/भवन क्रमांक **दुकान-20. ब्लॉक 3, श्री/श्रीमती राजेश चावड़ा पिता/पति स्व. रतिलाल चावड़ा** को स्ववित्तीय / भाड़ाक्रय / पूर्णमूल्य/ऑफर आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा **दिनांक 16.09.2008** को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।
आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु **दिनांक 22.11.2024** को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन **क्रेतागण 1. श्री / श्रीमती किशन अग्रवाल 2. श्री / श्रीमती अनुज अग्रवाल** दोनों के पिता/पति **स्व. राजकुमार अग्रवाल** के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की हैं।
अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड / भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जावेंगी।
सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01 कबीर नगर, रायपुर

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com
पत्र क्र. /17153/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2025
रायपुर, दिनांक 01-01-2025
**इश्तिहार**
नामांतरण प्र.क्र. 17153
वार्ड का नाम- 02 - पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 02 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR802H00977** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **AXAT DIXIT** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DWARIKA PRASAD DIXIT** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **PIYUSH DIXIT** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DWARIKA PRASAD DIXIT** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
-सूचना जारी करें-
श्री आदित्य कुमार हालदार (जोन कमिश्नर) जोन क्रमांक-8 नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com
पत्र क्र. /17081/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2025
रायपुर, दिनांक 30-12-2024
**इश्तिहार**
नामांतरण प्र.क्र. 17081
वार्ड का नाम- 02 - पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 02 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR802I00192** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MAHENDRA SINGH** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT.RAMANGINA SINGH** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SIMA SINGH RAJPUT** पिता/पति, श्री/श्रीमती **PANKAJ SINGH RAJPUT** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
-सूचना जारी करें-
श्री आदित्य कुमार हालदार (जोन कमिश्नर) जोन क्रमांक-8 नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com
पत्र क्र. /17150/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2025
रायपुर, दिनांक 01-01-2025
**इश्तिहार**
नामांतरण प्र.क्र. 17150
वार्ड का नाम- 02 - पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 02 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR802K01352** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SURENDRA KUMAR SHANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAM PRAKASH SAHNI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SHRUTI SUBLOK** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SURENDRA KUMAR SAHNI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
-सूचना जारी करें-
श्री आदित्य कुमार हालदार (जोन कमिश्नर) जोन क्रमांक-8 नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

### कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)
Email :birgaonmcp@gmail.com, Website : www.nagarnigambirgaon.com
-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-
नामांतरण प्रकरण क्र. 680 दिनांक 01.01.2025
वार्ड का नाम-गुरू घासीदास वार्ड
वार्ड क्र. 01 वर्ष- 2024-25
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **01** मांग **पंजी क्र. 867 युआईडी 33564** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **अवतार सिंह / कुलवंत सिंह** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **लीना साहू / राजेश साहू** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **31-01-2025** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।
राजस्व अधिकारी नगर पालिक निगम, बीरगांव जिला-रायपुर (छ.ग.)

### कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)
Email :birgaonmcp@gmail.com, Website : www.nagarnigambirgaon.com
-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-
नामांतरण प्रकरण क्र. 675 दिनांक 01.01.2025
वार्ड का नाम- मो. अब्दुल रउफ वार्ड
वार्ड क्र. 28 वर्ष- 2024-25
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **28** मांग **पंजी क्र. 643 युआईडी 26322** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **रायपुर मिल मशीनरी / हरीश खन्ना** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **वंदना पारेख / देवेन पारेख** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **31-01-2025** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।
राजस्व अधिकारी नगर पालिक निगम, बीरगांव जिला-रायपुर (छ.ग.)

### कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)
Email :birgaonmcp@gmail.com, Website : www.nagarnigambirgaon.com
-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-
नामांतरण प्रकरण क्र. 676 दिनांक 01.01.2025
वार्ड का नाम- मो. अब्दुल रउफ वार्ड
वार्ड क्र. 28 वर्ष- 2024-25
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **28** मांग **पंजी क्र. 643 युआईडी 26322** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **वंदना पारेख / देवेन पारेख** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **ममता झा / संजय कुमार झा** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **31-01-2025** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।
राजस्व अधिकारी नगर पालिक निगम, बीरगांव जिला-रायपुर (छ.ग.)

### कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)
Email :birgaonmcp@gmail.com, Website : www.nagarnigambirgaon.com
-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-
नामांतरण प्रकरण क्र. 677 दिनांक 01.01.2025
वार्ड का नाम- मो. अब्दुल रउफ वार्ड
वार्ड क्र. 28 वर्ष- 2024-25
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **28** मांग **पंजी क्र. 298 युआईडी 25976** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **जॉय मिनोचा / मनीष मिनोचा** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **1. नायानी जगदीश कुमार भोगीलाल/ नायानी भोगीलाल 2. सामानी मनोज शांतिलाल / सामानी शांतिलाल नारण** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **31-01-2025** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।
राजस्व अधिकारी नगर पालिक निगम, बीरगांव जिला-रायपुर (छ.ग.)

### कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)
Email :birgaonmcp@gmail.com, Website : www.nagarnigambirgaon.com
-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-
नामांतरण प्रकरण क्र. 678 दिनांक 01.01.2025
वार्ड का नाम-खुबचंद बघेल वार्ड
वार्ड क्र. 33 वर्ष- 2024-25
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **33** मांग **पंजी क्र. 3 युआईडी 28074** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **प्रकाशचंद देवांगन / कन्हैयालाल देवांगन** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **लेकेश देवांगन / पुरूषोत्तम देवांगन** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **31-01-2025** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।
राजस्व अधिकारी नगर पालिक निगम, बीरगांव जिला-रायपुर (छ.ग.)

### कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)
Email :birgaonmcp@gmail.com, Website : www.nagarnigambirgaon.com
-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-
नामांतरण प्रकरण क्र. 679 दिनांक 01.01.2025
वार्ड का नाम-गुरू घासीदास वार्ड
वार्ड क्र. 01 वर्ष- 2024-25
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **01** मांग **पंजी क्र. 857 युआईडी 33192** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **गुरूचरण सिंह /फ़क़ीर सिंह** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **लीना साहू / राजेश साहू** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **31-01-2025** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।
राजस्व अधिकारी नगर पालिक निगम, बीरगांव जिला-रायपुर (छ.ग.)

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com
पत्र क्र./16211/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025
रायपुर, दिनांक 23-12-2024
**इश्तिहार**
नामांतरण प्र.क्र. 16211
वार्ड का नाम- 50 - रानी दुर्गावती वार्ड
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 50 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR445000190** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SHIV KUMAR SHARMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. JAGANNATH PRASAD SHARMA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SMT. APARAJITA SHARMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **D/O SHIVKUMAR SHARMA AND W/O DR. ANIL SHARMA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत दानपत्र**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
-सूचना जारी करें-
श्री राकेश शर्मा (जोन कमिश्नर) जोन क्रमांक-(10) नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com
पत्र क्र. /17003/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2025
रायपुर, दिनांक 27-12-2024
**इश्तिहार**
नामांतरण प्र.क्र. 17003
वार्ड का नाम- 02 - पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 02 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR802G00441** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **JITENDRA KUMAR SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DASHRATH SAHU** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **NARENDRA KAUR MALHOTRA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAGBIR SINGH** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
-सूचना जारी करें-
श्री आदित्य कुमार हालदार (जोन कमिश्नर) जोन क्रमांक-8 नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार



# जीवन अनमोल है वाहन चालक यातायात नियमों का करे पालन - एसएसपी

### हेलमेट रैली व यातायात जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

### पुलिस अधिकारी व जवानों को अनिवार्य हेलमेट पहनने के सख्त निर्देश

गोपाल सिंह विद्रोही





**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत् आमजनों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने, दो पहिया वाहन चालकों को अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने हेतु प्रेरित करने, दुर्घटना से बचाव के उपाय से लोगों को अवगत कराने, यातायात नियमों की जानकारी सहित यातायात संबंधी विविध आयोजन सड़क सुरक्षा माह के दौरान सूरजपुर पुलिस के द्वारा की जाएगी। सूरजपुर में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ बुधवार, 1 जनवरी 2025 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर के द्वारा हेलमेट रैली और यातायात जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना कर किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने कहा कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह दिनांक 1 से 31 जनवरी 2025 तक मनाया जाएगा। जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों को सावधानी के साथ सड़क नियमों का पालन करने के लिए जागृत करना और उनके जीवन को सुरक्षित करना है, जिले की पुलिस पूरे माह सड़क सुरक्षा से संबंधित कई कार्यक्रम नुक्कड, नाटक आयोजित करके, लोगों को सड़क पर सावधानीपूर्वक वाहन चलाने के लिए प्रोत्साहित करेगी। पूरे भारतवर्ष में प्रत्येक वर्ष जनवरी माह में सड़क सुरक्षा माह मनाया जाता है जिसका मुख्य उद्धेश्य सड़क दुर्घटनाओं को रोकना एवं लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है।

उन्होंने कहा कि आमजन यातायात नियमों का पालन करें ताकि दुर्घटना से बचा जा सके, बाईक चलाते समय हेलमेट का उपयोग अवश्य करें, हेलमेट का उपयोग नहीं करने से दुर्घटना के समय सिर में चोट लगने से व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है इससे बचाव के लिए हेलमेट धारण किया जाना आवश्यक है क्योंकि हमारी सुरक्षा से पूरे परिवार की सुरक्षा भी जुड़ी होती है। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को प्राथमिक उपचार नहीं मिलने के कारण उसकी मृत्यु हो जाती है इस हेतु आमजनों को घायल व्यक्ति को तुरंत निकटतम अस्पताल ले जाने के लिए प्रोत्साहित किया।

एसएसपी ने बताया कि जिले में वर्ष 2023 में 452 सड़क दुर्घटना हुई थी जबकि वर्ष 2024 में 434 सड़क दुर्घटना हुई जो वर्ष 2023 के तुलना में वर्ष 2024 में 4.14 प्रतिशत की कमी आई है। जिसमें पिछले वर्ष की तुलना में घायलों की संख्या में 2.83 प्रतिशत एवं मृत्यु के मामले में 14.72 प्रतिशत की कमी आई है। सड़क हादसों को रोकने की दिशा में और काम करने की जरूरत है। जिले में सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को तत्काल सहायता पहुंचाने के लिए हाईवे पेट्रोलिंग की टीम 24 घंटे मुस्तैदी से कार्य कर रही है। दुर्घटनाओं को रोकने की दिशा में शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरूद्व लगातार कार्यवाही जारी है और लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर एक्सीडेंट करने वालों के लायसेंस भी निलंबित कराई जा रही। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो, यातायात प्रभारी फर्दीनंद कुजूर, थाना प्रभारी सूरजपुर विमलेश दुबे सहित का पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

यातायात जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना। आमजन को सावधानी के साथ सड़क नियमों का पालन करने के लिए जागरूक करने व सड़क पर सावधानीपूर्वक वाहन चलाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए यातायात जागरूकता रथ को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत कुमार ठाकुर व एएसपी संतोष महतो ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

पुलिस अधिकारी व जवानों को अनिवार्य हेलमेट पहनने के सख्त निर्देश। एसएसपी सूरजपुर ने पुलिस अधिकारी व जवानों को कहा कि खुद सुरक्षित रहे, दूसरों को सुरक्षित रखे और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। आज नए वर्ष से सभी पुलिस अधिकारी व जवानों को अनिवार्य रूप से बाईक चलाते समय हेलमेट पहनने के सख्त निर्देश दिए और कहा कि मोटर सायकल चलाते कोई बिना हेलमेट के दिखा तो संबंधित को दंडित किया जायेगा।

एसएसपी ने किया अपील। एसएसपी श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने नागरिकों से अपील किया है कि सुरक्षित सफर के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है लोगों का नियमों के प्रति जागरूक होना और उनका महत्व समझकर उन्हें अपने जीवन में अपनाना। उन्होंने कहा कि जीवन अनमोल है और इसको लेकर लोगों को गंभीर होने की जरूरत है वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का इस्तेमाल करें और ट्रैफिक नियम का पालन करें साथ ही साथ अत्यधिक गति से वाहन ना चलायें। यातायात नियमों का पालन कर पुलिस का सहयोग प्रदान करें।

# कोरबा नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष की अगुवाई में भाजपा पार्षद दल ने निकाली भ्रष्टाचार की बारात

### फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर महापौर की इस्तीफे की मांग हुई तेज




**कोरबा(विश्व परिवार)।** कोरबा जिले में नगर पालिका निगम की सामान्य सभा से पहले भाजपा पार्षदों ने महापौर के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। पार्षदों ने महापौर पर कथित कई घोटालों के आरोप लगाते हुए विरोध जताया। भाजपा पार्षद महापौर के खिलाफ नारे लिखी शर्ट पहन और ढोल-नगाड़ों के साथ सामान्य सभा में पहुंचे। प्रदर्शन के दौरान उन्होंने महापौर पर गंभीर आरोप लगाए और उनके इस्तीफे की मांग की। उक्त मामले में नगर निगम नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल ने भी कई आरोप लगाते हुए कहा कि साल में केवल एक बार सामान्य सभा आयोजित करना नगर निगम प्रशासन की निष्क्रियता को दर्शाता है। भाजपा पार्षदों ने महापौर पर निगम कार्यों में घोटालों और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि शहर की सामान्य समस्याओं सफाई, पानी और सड़क मरम्मत पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने सामान्य सभा को केवल औपचारिकता करार देते हुए इसे जनता के मुद्दों पर चर्चा का उपयुक्त मंच बनाने की मांग करी। नगर निगम महापौर पर फर्जी जाति घोटाला, डामर घोटाला, स्ट्रीट लाइट घोटाला, स्टेडियम घास घोटाला, साफ-सफाई घोटाला, नल जल योजना घोटाला, सड़क घोटाला, संपतिकर घोटाला, कोयला घोटाला, शराब घोटाला करने सहित अन्य कई घोटाले करने का आरोप लगाया हैं। साथ ही महापौर पर कमीशनखोरी का भी आरोप लगाया गया हैं। माना जा रहा हैं की इस विरोध प्रदर्शन ने कोरबा जिले में राजनीतिक तनाव को और बढ़ा दिया है।

# ओबीसी को संख्या के बराबर आरक्षण देने की मांग, छत्तीसगढ़ सरकार से ज्ञापन

**कोरबा(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ राज्य के ओबीसी महासमिति ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को एक ज्ञापन प्रस्तुत कर ओबीसी समुदाय को उनकी संख्या के बराबर आरक्षण देने की मांग की है। इस ज्ञापन में, महासमिति ने छत्तीसगढ़ पंचायत राज और नगर पालिका निगम संशोधन अध्यादेश 2024 में संशोधन की मांग की है, ताकि ओबीसी को भी अनुसूचित जातियों और जनजातियों के समान आरक्षण मिल सके। ज्ञापन में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ के पंचायत राज और नगर पालिका निगम संशोधन अध्यादेश के तहत, अगर अनुसूचित जातियों और जनजातियों के लिए 50 प्रतिशत से अधिक आरक्षण निर्धारित किया जाता है, तो ओबीसी के लिए आरक्षण का कोई स्थान नहीं छोड़ा जाता। महासमिति का कहना है कि इस प्रावधान से ओबीसी समुदाय के अधिकारों का उल्लंघन हो रहा है, क्योंकि वे भी सामाजिक और शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े हुए हैं। ओबीसी महासमिति ने अपने ज्ञापन में यह भी बताया कि संविधान के अनुच्छेद 10(4) के तहत ओबीसी को उचित आरक्षण का अधिकार है, और 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा को भी विशेष परिस्थितियों में बढ़ाया जा सकता है। इस कारण उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि ओबीसी को उनके संख्या के आधार पर आरक्षण प्रदान किया जाए। इस ज्ञापन के साथ महासमिति ने प्रदेशभर में ओबीसी के अधिकारों की रक्षा की मांग को लेकर आगामी आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

# एसपी ने चैकी प्रभारी को पकड़ा, फिर प्रभारी ने खुद काटा अपना चालान

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने यातायात नियमों के उल्लंघन पर सख्त कदम उठाते हुए चैकी प्रभारी को फटकार लगाई। फिर चैकी पहुंचे प्रभारी ने खुद ही अपने नाम से 500 रुपए का चालान अपने ही हस्ताक्षर से काटा। यह घटनाक्रम तब हुआ जब सीएसईबी पुलिस सहायता केंद्र (चैकी) में हाल ही में पदस्थ प्रभारी एसआई जितेंद्र यादव बिना हेलमेट के एक्टिवा पर सवार होकर चैकी जा रहे थे। संयोग से उसी समय पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी उसी रास्ते से गुजर रहे थे। उन्होंने एसआई द्वारा नियम का उल्लंघन देखा और तुरंत खुद पर कार्रवाई के निर्देश दिए। एसपी ने उन्हें तुरंत अपनी ही चैकी में जाकर चालान कटवाने कहा। मोटर वाहन अधिनियम के तहत एसआई ने अपना चालान जमा किया। सीएसईबी चैकी प्रभारी जितेंद्र यादव ने बताया कि घर से चैकी स्कूटी में बिना हेलमेट आ रहा था। इस दौरान एसपी साहब की नजर पड़ी तो तुरंत फोन कर यातायात नियम का उल्लंघन करने पर चालान जमा करने को कहा, साहब के निर्देश पर पांच सौ रूपये का चालान जमा किया हूँ।उन्होंने सार्वजनिक रूप से लोगों से अपील की है कि वे दोपहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहनें।अपने परिवार और दोस्तों को भी हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करें।

# प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना से आनंद राम को मिला सुरक्षित और पक्का आशियाना

### पक्के घर से मिला सुखमय जीवन और स्थायी संपत्ति का प्रतीकः लाभार्थी आनंद राम

**कोरबा(विश्व परिवार)।** प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना से पोड़ीबहार के श्री आनंद राम के पक्के और सुरक्षित घर का सपना पूरा हुआ है। लंबे समय से कच्चे मकान में परिवार के साथ जीवन यापन करने वाले आनंद राम को अब एक स्थिर और सुरक्षित आवास मिल गया है, जो उनके लिए केवल चार दीवारों का घर नहीं, बल्कि उनकी मेहनत और उम्मीदों का प्रतीक बन गया है। इस घर के निर्माण से न केवल उनकी जिंदगी में सुरक्षा और आराम आया है, बल्कि यह उनके भविष्य की स्थायी संपत्ति भी बन चुकी है।लंबे समय से अपने पुराने कच्चे मकान में परिवार के साथ जीवन गुजारने वाले आनंद राम का सपना हमेशा एक पक्के और सुरक्षित घर का था। बरसात के मौसम मेंकच्ची मिट्टी से बने उनके पुराने घर में छत से पानी टपकना दीवारों फर्श में सीलन आ जाने की समस्या तो रहती थी, साथ ही जहरीले सांप-बिच्छू का डर उनकी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन चुका था। हर दिन घर की असुरक्षा के साथ एक नई चुनौती का सामना करना पड़ता था, और हर रात एक अनजान खतरों से डर के साए में बितानी पड़ती थी। लाभार्थी आंनद राम ने बताया प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत जब उन्हें आवास निर्माण की स्वीकृति मिलने से उनके पक्के आवास का सपना धीरे-धीरे साकार होने लगा। पहली किश्त की राशि खाते में आते ही घर बनाने का काम की शुरू हो गया। आवास निर्माण का कार्य तेजी से आगे बढ़ा, समय-समय पर बाकी किश्तें भी मिली और हर किश्त के साथ उनका सपना और करीब आता गया और देखते ही देखते उनका नया पक्का घर तैयार हो गया। अब, वह और उनका परिवार एक सुरक्षित और मजबूत घर में रहते हैं, जहाँ ना तो पानी टपकता है, ना दीवारों में सीलन है, और न ही सांप-बिच्छू का डर। आनंद राम का नया घर सिर्फ चार दीवारों और छत ही नहीं, यह उनकी मेहनत, उम्मीद और सरकार की मदद से साकार हुआ एक मजबूत आशियाना है।उनके नए पक्के घर ने न केवल उनके जीवन को सुखमय बना दिया है, बल्कि यह उनके लिए स्थायी संपत्ति का प्रतीक भी बन गया है।

# जयनगर में बच्चों को बाल अधिकार कानूनों की दी गई जानकारी

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )-** कलेक्टर श्री एस. जयवर्धन के निर्देश पर जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री रमेश साहू के मार्गदर्शन में जिला बाल संरक्षण इकाई विभिन्न हायर सेकेण्डरी एवं हाई स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। स्कूलों के खुलने के साथ ही स्कूलों में बच्चों को उनके अधिकारों, बच्चों से संबंधित कानूनों एवं उनके सुरक्षा के उपायों की जानकारी दी जा रही है। विकासखण्ड सूरजपुर हायर सेकेण्डरी स्कूल जयनगर में जागरूकता कार्यक्रम किया गया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल ने बच्चों को बाल विवाह अब केवल कुरीति ही नहीं बल्कि अपराध है। बाल विवाह करने में एक लाख जुर्माना एवं दो साल के सजा का प्रावधान है। उन्होने बताया कि बाल विवाह बालिका का विकास रुक जाता साथ ही उनके शिक्षा में अवरोध आ जाता है। कम उम्र में बालिका अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन नहीं कर पाती है। इसलिए इस क्षेत्र को बाल विवाह मुक्त कराना है। इस अभियान के लिए सभी बच्चों एवं शिक्षकों, सरपंच, सचिवों एवं अन्य विभाग के सभी को सक्रिय होने की आवश्यकता है।

सभी बच्चों यौन अपराध से बचने की उपायों की भी जानकारी दी गई। साथ ही पॉक्सो एक्ट के संबंध में सभी को जागरूक किया, सभी बच्चों को गुड टच एवं बेड टच की जानकारी दी। सभी बच्चों को चुटपी तोड़ने हेतु जागरूकता किया गया। यौन शोषण से बचने के लिए नो-नो टेल एफआई आर जैसे सुक के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। बच्चों को किशोर न्याय अधिनियम के अंतर्गत बाल भिक्षावृत्ति से मुक्त सूरजपुर बनाने में सहयोग का आह्वान किया बच्चों से भिक्षा वृत्ति कराना एक जघन्य अपराध है बच्चों को भिक्षावृत्ति करते देखने पर इसकी सूचना 1098 पर देने का आह्वान किया गया।

बच्चों को नशे से बचाने ले लिए किशोर न्याय अधिनियम में प्रावधान दिए गये है। इसमें बच्चों को नशे में संलिप्त करने के लिए बंद प्रावधान दिये गये है। बच्चा नशे से दुर रहेगा तो आने वाला भविष्य की ठीक होगा और यदि अभी बच्चा नशे में संलिप्त हो जाता है तो हमारा भविष्य भी खराब होने वाला है। इसलिए हमे अपने क्षेत्र के बच्चों को नशे से दूर रखना है और बच्चे अपने अभिभावकों को भी नशे से दूर रहने का आग्रह करें।

अवैध दत्तक ग्रहण के संबंध में भी जानकारी दी गई बताया गया कि बच्चे को गोद लेने और देने की प्रक्रिया किशोर न्याय अधिनियम में दिया गया है। इसके अतिरिक्त किसी प्रकार से भी गोद लेना और गोद देना दोनो अपराध है। जिसमें दोनों को दो वर्ष का सजा एवं एक लाख रुपये जुर्माना का प्रावधान है। कार्यक्रम में जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री मनोज जायसवाल, प्रभारी प्रचार्य श्रीमती कृष्णा नायक, संचालक लीना खाख, श्रीमती आराधना कुशवाहा, श्रीमती नीलम मिंज, श्रीमती सुनीता सिंह, श्रीमती अंजू निगम, श्रीमती शिप्रा यादव, श्रीमती ज्योति शर्मा, श्रीमती तरन्नुम परवीन, श्रीमती पद्मश्री जायसवाल, श्री शिवकुमार साहू, ममता मजूल, श्रीमती सोनम घोष, श्री पवन धीवर उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### शराब पीकर वाहन चलाते 11 चालकों पर हुई कार्यवाही

**बलौदाबाजार-भाटापारा(विश्व परिवार)।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा आपरेशन विश्वास के तहत शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों पर कार्यवाही किया गया है। इसके तहत यातायात की शाखा बलौदाबाजार द्वारा 02, यातायात कसडोल 02, यातायात भाटापारा 04 एवं यातायात सिमगा 03 चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया। शराब पीकर वाहन चलाने वाले, वाहन चालकों के विरुद्ध पुलिस द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया है। इस दौरान संपूर्ण अभियान में पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा एक साथ भारी वाहन, चारपहिया वाहन एवं दोपहिया वाहन चालकों की चेकिंग की गई। पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान में ब्रेथ एनलाइजर के माध्यम से परीक्षण कर 11 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया है, जिनके विरुद्ध कार्यवाही कर उनके वाहन जप्त किया गया है। उक्त जप्त सभी 11 वाहनों को विधिवत कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। चेकिंग अभियान में यातायात की शाखा बलौदाबाजार द्वारा 02, यातायात कसडोल 02 एवं यातायात भाटापारा द्वारा 04 एवं यातायात सिमगा द्वारा 03 चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया है। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों के ऊपर सख्ती से लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। पुलिस आम नागरिकों से अपील करती हैं कि आप सभी यातायात के नियमो का पालन करें किसी भी स्थिति में शराब पीकर वाहन न चलावे।

### श्मसानघाट में तांत्रिक क्रिया करते पूर्व सरपंच के साथ चार गिरफ्तार

**तखतपुर(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के तखतपुर थाना क्षेत्र के पुरेना गांव में ग्रामीणों ने तांत्रिक क्रिया करते पूर्व सरपंच सहित चार लोगों को पकड़ा गया। इस दौरान तांत्रिक समेत पूर्व सरंपच की ग्रामीणों ने जमकर धुनाई की. फिर सभी को पुलिस के हवाले किया.जानकारी के मुताबिक, बीती रात पूर्व सरपंच गांव के श्मशान घाट पर मछली, अंडा, बकरे का भेजा और देसी शराब रखकर तांत्रिक क्रिया करा रहे थे. इसकी सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और सामानों को जब्त कर चार लोगों को तांत्रिक क्रिया करते पकड़ा. इस दौरान मौके से महिला सहित दो लोग फरार होने में कामयाब हो गए. ग्रामीणों ने तांत्रिक सहित पूर्व सरपंच की जमकर धुनाई की. इसके बाद चारों को पुलिस के हवाले किया.इस मामले में थाना प्रभारी देवेश राठौर ने बताया कि बीती रात ग्रामीणों से सूचना मिली कि कुछ लोग श्मशान घाट पर तांत्रिक क्रिया कर रहे. मामले की गंभीरता को देखते हुए पेट्रोलिंग टीम को भेजकर चार लोगों को थाने लाया गया है. जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### अपना घर सेवा आश्रम घंटाघर कोरबा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कोरबा स्थित अपना घर सेवा आश्रम में विश्व हिंदू परिषद के नागेंद्र शर्मा जी, भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के डॉ. संजय वैष्णव, आयुष मेडिकल एसोसिएशन के डॉ. सुरेंद्र मिश्रा जी, आरोग्य भारती के विजय राठौर जी और डॉ. राजेश राठौर जी के संयुक्त प्रयास से एक व्यापक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य आश्रम में निवास कर रहे मानसिक रूप से विक्षिप्त, बेसहारा और आश्रयहीन प्रभुजनों के स्वास्थ्य की देखभाल करना था। शिविर में सभी निवासियों का बी.पी., शुगर, और सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। उपस्थित डॉक्टरों ने प्रत्येक व्यक्ति से व्यक्तिगत रूप से उनकी स्वास्थ्य समस्याओं पर चर्चा की और उनकी तकलीफों के आधार पर आवश्यक दवाइयां वितरित कीं। डॉक्टरों और संगठनों ने निःस्वार्थ भाव से अपनी सेवाएं प्रदान कीं, जिससे न केवल प्रभुजनों को चिकित्सा सहायता प्राप्त हुई, बल्कि उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी किया गया। इस शिविर ने स्वास्थ्य देखभाल के महत्व को रेखांकित करते हुए मानवता की सेवा का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। स्वास्थ्य शिविर के समापन के अवसर पर राणा मुखर्जी जी ने सभी सहयोगी डॉक्टरों और संगठनों का आभार प्रकट करते हुए उन्हें फूल के पौधे भेंट किए। ये पौधे पर्यावरण संरक्षण और सेवा भावना के प्रतीक के रूप में प्रदान किए गए। अपना घर सेवा आश्रम मानसिक रूप से विक्षिप्त, बेसहारा और आश्रयहीन व्यक्तियों को आश्रय, भोजन और देखभाल प्रदान करने वाला एक प्रतिष्ठित संस्थान है। यह आश्रम समाज के सहयोग से संचालित होता है और यहां निवास कर रहे प्रभुजनों की सेवा और देखभाल का कार्य पूर्ण निष्ठा के साथ किया जाता है। आश्रम की ओर से सभी डॉक्टरों, संगठनों और समाज के सभी सहयोगियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया गया।

# संपादकीय

## विदेश नीति में भी भारत की अहमियत बनी रहेगी

संकेत साफ है। श्रीलंका के मार्क्सवादी राष्ट्रपति की विदेश नीति में भी भारत की अहमियत बनी रहेगी। दिसानायके ने यह दो टूक भरोसा दिया कि उनकी सरकार श्रीलंकाई जमीन से किसी भारत विरोधी गतिविधि की इजाजत नहीं देगी। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनूरा कुमारा दिसानायके की यात्रा से भारत को दो आश्वासन मिले। पहला तो यही कि दिसानायके ने राष्ट्रपति के रूप में अपनी विदेश यात्रा के लिए भारत को चुना। नई दिल्ली में उसका मतलब यह समझा गया है कि श्रीलंका के मार्क्सवादी राष्ट्रपति की विदेश नीति में भी भारत की अहमियत बनी रहेगी। फिर दिसानायके ने भरोसा दिया कि उनकी सरकार श्रीलंकाई जमीन से किसी भारत विरोधी गतिविधि की इजाजत नहीं देगी। मतलब यह समझा गया कि चीनी खोजी एवं अन्य जहाजों को श्रीलंका में लंगर डालने की अनुमति दी भी गई, तो श्रीलंका सरकार सुनिश्चित करेगी कि वे वहां से भारतीय हितों को नुकसान पहुंचाने वाली किसी गतिविधि में शामिल नहीं होंगे। दिसानायके अगले महीने चीन जाने वाले हैं। चूंकि भारत में पड़ोसी देशों के चीन से संबंध को लेकर एक खास तरह की संवेदनशीलता रहती है, इसलिए निश्चित रूप से यहां के कूटनीतिकों की नजर उस यात्रा पर रहेगी। फिलहाल, यह साफ हुआ है कि श्रीलंका की नई सरकार की अपनी प्राथमिकताएं हैं। 2022 में जिस आर्थिक संकट में देश फंसा था, उसके असर से आज भी नहीं उबर पाया है। ऊपर से आईएमएफ से लिए गए कर्ज की शर्तों ने सरकार के लिए नई चुनौतियां खड़ी की हैं। ऐसे में भारत जैसे बड़े पड़ोसी देश के साथ किसी विवाद में उलझने का जोखिम वहां की सरकार शायद ही उठा सकती है। मगर वह चीन की उपेक्षा करने की स्थिति में भी नहीं है, जिसका बहुत भारी निवेश श्रीलंका में है। संकेत यह है कि दिशानायके इन दोनों बड़े देशों की संवेदनशीलताओं का ख्याल करते हुए फिलहाल दोनों से सद्भावपूर्ण संबंध को प्राथमिकता दे रहे हैं। नई दिल्ली में यह संदेश देने के बाद उनकी कोशिश बीजिंग में भी ऐसा ही पैगाम देने की होगी। बहरहाल, भारत यात्रा के दौरान, जैसाकि अक्सर शिखर नेताओं की यात्रा के समय होता है, कुछ महत्त्वपूर्ण व्यापार एवं रक्षा समझौते भी हुए। इनसे भी सकारात्मक प्रभाव पैदा हुआ है। भारत के लिए अच्छी बात है कि जिस समय विभिन्न पड़ोसी देशों से चुनौती भरे संकेत आ रहे हैं, श्रीलंका ने उसे आश्वस्त किया है।

# एक अच्छे, भले और नेक प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह

हरिशंकर व्यास

शीर्षक चौंका सकता है। पर जरा समकालीन भारत अनुभवों और उनकी दिशा में झांके तो अगले बीस-पच्चीस वर्षों की क्या भारत संभावना दिखेगी? भारत पिछले दस वर्षों की विरासत में कदम उठाता हुआ होगा। इस विरासत का मंत्र और अनुभव बुद्धि नहीं लाठी है। हार्वर्ड नहीं हार्डवर्क है। सत्य नहीं झूठ है। सौम्यता नहीं अहंकार है। विनम्रता नहीं निष्ठुरता है। कानून नहीं बुलडोजर है। मान मर्यादा नहीं लंगूरपना है। विचार और बहस नहीं गाली तथा ट्रोल है। तर्क नहीं है लाठी है। प्रबुद्धता नहीं मूर्खता है। चाल, चेहरा, चरित्र नहीं, बल्कि अकड़, लालच और कदाचार है। इस तरह का निष्कर्ष 2014 के समय में अकल्पनीय था। तब अन्ना हजारे, रामदेव, अरविंद केजरीवाल, नरेंद्र मोदी के हुंकारों, आंदोलनों के उमड़े जन सैलाबों की तलहटी में सत्य छुपा हुआ था। अज्ञात था। ऐसा होना हम हिंदुओं की नियति से है। हिंदुओं का भाग्य है जो वह गांधी के पीछे चले या अन्ना हजारे के या हाथ में कमल ले कर चले या झाड़ू, उसे वही झूठा अवतार मिलता है जो उसकी कलियुगी नियति है। उस नाते डॉ. मनमोहन सिंह स्वतंत्र भारत के इतिहास में अपवाद थे। वे अकेले प्रधानमंत्री हैं, जिनकी शख्सियत ने झूठ, फरेब से लोगों का बहकाने, लोगों में जादू बनाने, दैवीय अवतार की इमेज बनाने, लोगों को डराने धमकाने या उनके वोट खरीदने जैसा वह कोई छल नहीं किया, वह राजनीति नहीं की जो आजाद भारत की राजनीति का ट्रेंडमार्क है। बावजूद इसके वे भारत के वित्त मंत्री और प्रधानमंत्री थे। उसी के कर्म फल में वैश्विक बिरादरी तक ने, उन्हे स्मरण करते हुए एक युगांतरकारी, बुद्धिमान, समझदार, सौम्य और श्रेष्ठ प्रधानमंत्री की सच्ची भाव भंगिमा में श्रद्धांजलि दी है। यह वस्तुनिष्ठ श्रद्धांजलि पिछले दस वर्षों के नरेंद्र मोदी, अरविंद केजरीवाल के शासन अनुभवों के परिप्रेक्ष्य में, समकालीन अनुभवों के संदर्भ तथा भारत की भावी दिशा के भान से भी है। इतिहास की कसौटी है जो घटना और नेतृत्व का मूल्यांकन पचास साल बाद किया जाता है। कोई युद्ध हुआ, राजा या प्रधानमंत्री मरा तो उसके बाद के अनुभवों, प्रभावों के पच्चीस-पचास साल बाद ही इतिहास फैसला लेता है कि नेहरू ने भारत बनाया था या बिगाड़ा था। नेहरू के आइडिया ऑफ इंडिया और उसकी विरासत के प्रधानमंत्री और राजनीति देश हित में थी या देश को बरबादी की और



ले जाने वाली। डॉ. मनमोहन सिंह की शख्सियत कर्तव्यनिष्ठ थी। इतिहास निरपेक्ष थी। शासन के आखिर में जरूर उन्होंने अन्ना हजारे-केजरीवाल-मोदी के भूचालों में अपने मुंह से यह बोला था, उम्मीद जताई थी कि इतिहास उनके प्रति दयालु होगा! और मेरी राय में उनका इतिहास भारत के आखिरी बुद्धिमान, उम्दा प्रधानमंत्री के नाते अमिट है। एक अच्छे', भले' और नेक' प्रधानमंत्री। और सोचें, इन तीन शब्दों से अधिक मनुष्यों के बीच मनुष्य को और क्या पुण्यता चाहिए! मैंने बतौर पत्रकार उनके प्रधानमंत्री रहते उनकी आलोचना की है तो उनकी प्रशंसा भी की। तारीफ खासकर तब जब डॉ. मनमोहन सिंह ने अपने पहले कार्यकाल में अमेरिका के साथ एटमी करार के लिए अपनी सरकार दांव पर लगाई थी। जिस वाम मोर्चे पर मनमोहन सरकार टिकी थी उसके घोर विरोध, सीपीएम नेता प्रकाश करात द्वारा सैद्धांतिक आधार पर वैयक्तिक प्रतिष्ठा दांव पर लगाने तथा वामपंथी पत्रकारों की चिल्लपों, सोनिया गांधी व अहमद पटेल की चिंताओं के बावजूद मनमोहन सिंह ने एटमी करार किया। भारत का वैश्विक अछूतपन मिटाया। वह फैसला देश की सामरिक चिंता, सुरक्षा, भू राजनीति और वैश्विक जमात में भारत के स्थान के खातिर वैसा ही दुस्साहसी फैसला था जैसा मनमोहन सिंह का प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव की कमान में वित्त नीति में परिवर्तनों का था। मेरा पीवी नरसिंह राव के समय से ऑब्जर्वेशन रहा है कि मनमोहन सिंह ने प्रधानमंत्री बनने के बाद भी कभी यह नहीं कहा कि उनके कारण आर्थिक सुधार और उदारवाद आया। वे कभी अहंकार में या अनजाने में भी यह नहीं बोले कि मैंने, या मेरे कारण भारत के उदारवादी निर्णय हुए। इसलिए क्योंकि वे पीवी नरसिंह राव की बुद्धिमत्ता, दूरदृष्टि और समझदारी के कायल थे। मेरा डॉ. मनमोहन सिंह से कभी नाता नहीं रहा लेकिन मैं पीवी नरसिंह राव, प्रधानमंत्री दफ्तर संभालने वाले भुवनेश चतुर्वेदी, पीवीआरके प्रसाद और इनके घेरे को गहराई से जानता था इसलिए प्रत्यक्ष प्रमाण में सामने था कि कैसे राजनीतिक दबावों, कैबिनेट के भीतर की चुनौतियों और दस, जनपथ की चिंताओं के बीच प्रधानमंत्री के कवच से डा. मनमोहन सिंह ने पहला साहसी बजट पेश किया। कैसे खुद प्रधानमंत्री ने स्वंय उद्योग मंत्रालय संभालते हुए लाइसेंस, परमिट राज को खत्म करने की घोषणाएं कीं! वह मौनी बाबा की मौन क्रांति थी। तभी स्वतंत्र भारत के इतिहास का सत्य है कि बुद्धि, विवेक और समझदारी के प्रतिमान पीवी नरसिंह राव ने उबलते पंजाब, बागी कश्मीर तथा अराजक उत्तर-पूर्व को सामान्य बनाया तो बाबरी मस्जिद के ध्वंस को भी विवेक से सहा। दिलचस्प संयोग है कि पीवी नरसिंह राव ने पांच साल के आखिर में तथा मनमोहन सिंह ने दस साल शासन के आखिर में, दोनों ने एक जैसे बवंडरों का सामना किया। बावजूद इसके इतिहास दोनों के प्रति दयालु है। दुनिया में यदि भारत के वित्तीय, आर्थिक, सामरिक तथा कूटनीतिक प्रतिमानों में किसी को याद किया जाता है तो उनमें भारतीय नाम पीवी नरसिंह राव और मनमोहन सिंह के हैं। अद्भुत है! स्मृति पर जोर डालें। याद करें पीवी नरसिंह राव, के खिलाफ अर्जुन सिंह, फोतेदार, नटवर सिंह, नारायण दत्त तिवारी सहित कांग्रेस के तमाम दरबारियों, वामपंथी-सेकुलर आलोचकों से लेकर हर्षद मेहता, जेठमलानी, अचार कारोबारी लक्खू भाई और विश्वासघाती सीताराम केसरी जैसे चेहरों के बनाए झूठे बवंडर को। सभी को इतिहास मिट्टी की धूल सा मिटा चुका है। और इतिहास में कीर्ति अंकित है तो वह नरसिंह राव की है। ऐसे ही याद करें, मनमोहन सिंह के खिलाफ बवंडर पैदा करने वाले विनोद राय, प्रशांत भूषण, योगेंद्र यादव, अन्ना हजारे, रामदेव, अरविंद केजरीवाल, नरेंद्र मोदी एंड पार्टी को! क्या इनमें से कोई एक भी सच्चा साबित हुआ? जो लोग नरेंद्र मोदी और अरविंद केजरीवाल को भगवान, अवतार, मसीहा मानते हैं, उन्हें और उनकी भावना को दरकिनार करके सोचें तो मनमोहन सिंह ने मनुष्य रूप में दस वर्ष भारत का जो शासन किया वह किस कसौटी पर बुरा था? क्या वे भ्रष्ट प्रमाणित हैं? क्या पूंजीवाद और उदारवाद के आस्थावान डॉ. मनमोहन सिंह पर ये आरोप हैं कि उनकी बदौलत गौतम अडानी जैसे किसी क्रोनी पूंजीपति ने भारत को चूना लगाया। दुनिया में भारत को बदनाम बनाया? ये बातें देश की एकता-अखंडता, इतिहास के मायनों में क्षणिक और बेमानी हैं। इसलिए अहम बात भारत के आखिरी बुद्धिवान, उम्दा प्रधानमंत्री' का शीर्षक है। क्यों कर ऐसा माना जाए? जवाब पर यह विचार करें कि नरेंद्र मोदी का अब तक का शासन वतर्मान और भविष्य का क्या रास्ता बनाए हुए है? जाहिर है नेहरू के आइडिया ऑफ इंडिया, नेहरू-गांधी परिवार के खूंटे के आइडिया से अलग एक भारत। अर्थात उस हिंदू आइडिया ऑफ इंडिया का भारत, जिसका खूंटा संघ परिवार है। मान सकते हैं समकालीन भारत दो खूंटों की नियति लिए हुए है। स्वतंत्रता के बाद कोई साठ साल भारत गांधी-नेहरू परिवार के खूंटे से चला। अब समय संघ परिवार के खूंटे का है। और नरेंद्र मोदी के अवतार से हिंदू क्योंकि कथित तौर पर जागे हैं और वे देश और अपनी सुरक्षा में मुसलमान को चिन्हित किए हुए हैं तो जाहिर है उनकी प्राथमिक आवश्यकता क्या है? छप्पन इंची छाती का निरंतर नेतृत्व। इसलिए नरेंद्र मोदी की विरासत में आगे की राजनीति के चेहरों में अमित शाह हों या योगी आदित्यनाथ या हिमंता बिस्वा या देवेंद्र फडनवीस, छप्पन इंची छाती के नेतृत्व, राजनीति और व्यवस्था की आवश्यकता स्थायी है।

# आलेख

## दक्षेस से भारत को सतर्क रहने की जरूरत

डॉ. ब्रह्मदीप अलूने

महाशक्तियों की राजनीतिक और आर्थिक महत्त्वाकांक्षाओं ने तीसरी दुनिया के उभरने की संभावनाओं को सुनियोजित तरीके से खत्म कर दिया है। इसका प्रतिबिंब है दक्षिण एशिया और इन देशों का क्षेत्रीय संगठन दक्षेस जिसे सार्क भी कहा जाता है। अमेरिकी प्रभाव में पाकिस्तान की जमीन का सैन्य कार्यों के लिए उपयोग और नेपाल के आधे-अधूरे लोकतंत्र पर चीनी कम्युनिज्म की काली छाया के चलते दक्षिण एशिया के देशों को एकजुट रखने का ख्वाब कई दशकों पहले ही टूट चूका है। इस क्षेत्र में विभिन्न देशों के बीच राजनीतिक मुद्दों पर गहरे तनाव बढ़े हैं तथा सांस्कृतिक टकराव की स्थितियां भी निर्मित हो गई है। इन जटिल स्थितियों ने सबसे ज्यादा चोट दक्षेस की स्थापना को पहुंचाई है जिसका उद्देश्य दक्षिण एशिया को एकजुट करना और इसके देशों के बीच समृद्धि, विकास और शांति को बढ़ावा देना बताया जाता था। हाल ही में बांग्लादेश और पाकिस्तान के राष्ट्राध्यक्ष किसी तीसरे देश में मिले और उनके बीच सार्क को पुनर्जीवित करने पर बात हुई तो इसमें संभावनाएं कम और मनोवैज्ञानिक दबाव की कूटनीति ज्यादा नजर आई। दरअसल, बांग्लादेश में शेख हसीना के तख्तापलट के बाद भारत के इस पड़ोसी देश की राजनीतिक परिस्थितियों में भी भारी बदलाव देखने को मिल रहे हैं। लंबे समय से सत्ता पर काबिज शेख हसीना के खिलाफ छात्रों का आंदोलन देश में राजनीतिक परिवर्तन के तौर पर देखा जा रहा था, लेकिन बाद में कट्टरपंथी शक्तियों के प्रभाव में अब यह भारत विरोध के आंदोलन में परिवर्तित हो गया है। बांग्लादेश की मौजूदा अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद युनूस की पाकिस्तान के साथ राजनीतिक मुद्दों पर समाधान की जल्दबाजी की कोशिशों में सकारात्मक पहल से ज्यादा भारत पर मनौवैज्ञानिक दबाव बनाने की कूटनीति ज्यादा नजर आ रही है और इसकी छाया दक्षिण एशिया के देशों के बीच आपसी सहयोग की संभावनाओं को पूरी तरह खत्म कर सकती है। सार्क में आठ देश भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल, भूटान, मालदीव और अफगानिस्तान शामिल है। 8 दिसम्बर 1985 को काठमांडू, नेपाल से शुरू हुए इस क्षेत्रीय संगठन को तीसरी दुनिया के हितों के संरक्षण के लिए उम्मीदों के तौर पर देखा गया था और यह विश्वास किया गया था कि यह एक साझी आवाज होगी जिससे इन देशों को वैश्विक मंच पर अपने मुद्दों को उठाने में मदद मिल सके। दक्षेस का पहला शिखर सम्मेलन 1985 में आयोजित हुआ था और इसके बाद से यह संगठन तमाम विरोधाभासों के बाद भी विभिन्न देशों के नेताओं की बैठकें आयोजित करता रहा है। यह संगठन क्षेत्रीय संघर्ष, आतंकवाद, नशीले पदाथरे की तस्करी और सीमा विवादों के समाधान के संभावनाओं पर भी काम करता है। दक्षिण एशिया दुनिया की सबसे पुरानी ज्ञात सभ्यताओं में से एक सिंधु सभ्यता का घर है और दुनिया की सबसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में से एक है। जातीय, भाषाई और राजनीतिक विखंडन के इतिहास के बावजूद, इस क्षेत्र के लोग एक समान सांस्कृतिक और नैतिक दृष्टिकोण से एकजुट माने जाते हैं। वैश्विक भुखमरी सूचकांक की एक रिपोर्ट में भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल और श्रीलंका की स्थिति बेहद निम्नतम बताई गई है। जलवायु परिवर्तन और कोविड महामारी से भुखमरी का संकट तो बढ़ा ही है साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की समस्याएं भी विकराल हो गई है। दक्षिण एशिया के कई देश राजनीतिक उथल-पुथल के शिकार रहे हैं और भारत को छोड़कर अन्य देशों में अस्थिरता का अंदेशा बना रहता है। दक्षेस की स्थापना का उद्देश्य दक्षिण एशिया में आपसी सहयोग से शांति और प्रगति हासिल करना बताया गया था, लेकिन विभिन्न देशों के बीच विवाद इस पर पूरी तरह हावी रहे और इसी का परिणाम है कि दुनिया की बड़ी आबादी वाला यह संगठन आर्थिक समस्याओं का समाधान करने में विफल रहा है। चीन जैसी विदेशी संस्थाओं पर बहुत अधिक निर्भरता ने पाकिस्तान को आर्थिक रूप से कमजोर बना दिया है। इसका नतीजा यह हुआ है कि पाकिस्तान के पास अपने आयात बिलों का भुगतान करने के लिए कोई विदेशी जमा पूंजी शेष नहीं बची है। नेपाल और श्रीलंका की भी कुछ यही स्थिति है। दक्षिण एशिया में अफगानिस्तान का मानवीय संकट बेहद गंभीर अवस्था में पहुंच गया है।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल की वर्ष 2024 की प्रमुख उपलब्धिया....

रायपुर डिवीजन का गठन वर्ष 2003 में किया गया था। भौगोलिक रूप से विविधता होने के बावजूद, यह गहन परिवहन और रखरखाव गतिविधियों से भरा हुआ है। रायपुर रेल मंडल में नवम्बर 2024 तक कुल 15.22 मिलियन (2024-25) यात्रियों ने परिवहन किया है रायपुर रेल मंडल को नवम्बर 2024 तक कुल 334.73 करोड़ (2024-25) राजस्व प्राप्त हुआ है प्रति दिन 110 ट्रेनो का परिचालन होता है ।वर्तमान में रायपुर रेल मंडल दिसम्बर 2024 तक 32.16 मीट्रिक टन लोडिंग कर भारतीय रेलवे का 9 वां सबसे अधिक लोडिंग डिवीजन है। प्रमुख वस्तुओं में सीमेंट और क्लिंकर (कुल लोडिंग का लगभग 50त्न), लौह अयस्क, स्टील और खाद्यान्न शामिल हैं। कुल कमाई वित्त वर्ष 2024-25 (नवंबर 24 तक) - रु. 3119.11 करोड़ रूपये रही है । यात्रियों की सुविधा के लिए रायपुर रेल मंडल ने (अप्रैल'24 से नवंबर'24) 33 स्पेशल ट्रेने चलाई है रायपुर रेल मंडल से (अप्रैल'24) नवंबर'24 तक) 219 स्पेशल ट्रेने यात्रियों के लिए उपलब्ध रही यात्रियों की सुविधा के लिए 35 अतिरिक्त कोच लगाये गए होली स्पेशल-04 ट्रेने, ग्रीष्मकालीन-04 ट्रेने, .दिवाली एवं छठ स्पेशल ङ्क 06 ट्रेने चलाई गई ।

### माल ढुलाई व्यवसाय

रेल राजस्व वृद्धी के लिए रायपुर रेल मंडल का पहला कार्गो टर्मिनल जे के लक्ष्मी सीमेंट अहिरवार से रश्मि सीमेंट खड़गपुर के लिए रवाना किया गया इसमें किलिंकर लोड कर रैक रवाना किया गया। दूसरा कार्गो टर्मिनल नवा रायपुर से नया हिंदुस्तान पैट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड का नया गति शक्ति रेल मल्टी मॉडल कार्गो टर्मिनल का शुभारंभ किया गया ।

### नई यात्री ट्रेन सुविधा

नई दुर्ग-विशाखापत्तनम वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाने का समारोह:-16/09/2024 को माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने वीडियोकांफ्रेंसिंग के माध्यम से दुर्ग और विशाखापत्तनम के बीच दुर्ग (रायपुर) विशाखापत्तनम वंदे भारत एक्सप्रेस का उद्घाटन किया। हरी झंडी दिखाने के समारोह में माननीय केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया। रायपुर स्टेशन पर जनप्रतिनिधि एवं अपार जनसमूह उपस्थित रहे ।

### नॉन फेयर रिवेन्यू

रायपुर रेल मंडल में नॉन फेयर रिवेन्यू दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में सर्वाधिक अर्जित किया गया नवंबर 2024 तक 1079.11 लाख रुपए राजस्व प्राप्त किया गया जो पिछले साल 520.66 लाख रुपए था। उसमें लगभग 107.3त्न की वृद्धि लक्ष्य के मुकाबले दर्ज की गई।

व्यवसाय- रायपुर पार्सल कार्यालय में पार्सल स्कैनिंग मशीन प्रारंभ की गई ।भिलाई, बालोद भाटापारा, सिलियरी, बिल्हा, गुड्स शेड्स का




इंफ्रूवमेंट एवं डेवलपमेंट किया गया

मेजर री-डवलपमेंट:- रायपुर और दुर्ग जैसे 02 स्टेशनों को मेजर री-डवलपमेंट के तहत विकसित किया जा रहा है,

### अमृत भारत स्टेशन योजना

रायपुर मंडल के 15 स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत स्टेशनों का विकास किया जा रहा है (1) भाटापारा, (2) भिलाई पावर हाउस, (3) तिल्दा-नेवरा, (4) बेल्हा, (5) भिलाई, (6) बालोद, (7) दल्ली राजहरा, (8) शामिल हैं। ) भानुप्रतापपुर, (9) हथबंद, (10) सरोना, (11) मरोदा, (12) मंदिर हसौद, (13) उरकुरा, (14) निपनिया, (15) भिलाई नगर शामिल है

### विधुतीकरण

2024 में, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर डिवीजन ने छत्तीसगढ़ में 2म25 केवी प्रणाली में भानुप्रतापपुर और ताड़ोकी के बीच 51 ट्रैक किलोमीटर का विद्युतीकरण किया। रेलवे विद्युतीकरण स्वच्छ हवा, कम शोर, लागत-दक्षता, बेहतर सुरक्षा, तेज यात्रा, कम उत्सर्जन, आधुनिक रेल प्रणाली और बेहतर सार्वजनिक परिवहन गुणवत्ता को बढ़ावा देता है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर डिवीजन ने छत्तीसगढ़ में नया रायपुर और अभनपुर के बीच 28.375 ट्रैक किलोमीटर का विद्युतीकरण किया, जहां नई इलेक्ट्रिक ट्रेनें शुरू की जा रही हैं। इन नई ट्रेनों के शुरू होने से कनेक्टिविटी में सुधार होगा, यात्रा का समय कम होगा और यात्रियों के लिए अधिक पर्यावरण-अनुकूल विकल्प उपलब्ध होगा।

### सिग्नलिंग

सरोना-रायपुर दोहरी लाइन खंड में 6 किलोमीटर अतिरिक्त ऑटोमेटिक सिग्नलिंग स्थापित की । इसमें 3 स्वचालित सिग्नल अप लाइन में और 3 डाउन लाइन में लगाए गए हैं। यह स्वचालित सिग्नलिंग इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग आधारित है । इस प्रक्रिया के तहत रायपुर स्टेशन के इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग और पैनल इंटरलॉकिंग में आवश्यक बदलाव किए गए। कुम्हारी ङ्कसरोना सेक्शन की सभी लाइनो में ऑटो सिग्नलिंग 21.04.2024 को चालू कर दी गई है। 21.09.2024 को बेल्हा-दागोरी खंड (सभी लाइनें) में स्वचालित सिग्नलिंग शुरू की गई है। बिल्हा-दागोरी सेक्शन में किमी 736/3-5 पर सी-क्लास लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 374 को इंटरलॉक किया गया है और स्लाइडिंग बैरियर के प्रावधान के साथ 21.09.2024 को चालू किया गया है। भिलाई में सीबीटी (कंप्यूटर बेस टेस्ट) केंद्र में मॉनिटर के साथ 4.65 नग थिन क्लाइंट और 16 नग आईपी कैमरा चालू किया गया। दुर्ग स्टेशन पर वीएसएस कार्य के अंतर्गत 36 नग सीसीटीवी कैमरे (बुलेट टाइप) लगाए गए हैं। अभनपुर स्टेशन पर यूटीएस (अनारक्षित टिकट प्रणाली) हेतु नेटवर्क कनेक्टिविटी का कार्य एवं भिलाई में ऑटो सिग्नलिंग कंप्यूटर बेस टेस्ट सेंटर, अभनपुर में अनारक्षित टिकटिंग सिस्टम लगाया गया ।

### रोड अंडर ब्रिज एवं गति

आरयूबी- एलसी-407 टोर गेट (सिलियारी-मांढर सेक्शन) 31 जुलाई-2024 से सड़क यातायात के लिए चालू कर खोला गया। आरयूबी के पूरा होने के बाद एलसी-407 बंद हो गया। लेवल क्रॉसिंग बंद होने से यातायात सुचारू हो जाएगा और समय की बचत होगी। दल्लीराजहरा- ताडोकी सेक्शन की गति 80/90/100 किमी प्रति घंटे से बढ़ाकर 110 किमी प्रति घंटे कर दी गई है। (लंबाई 76.853 किमी)। सेक्शन के स्पीड मैन का समय बचेगा। भाटापारा-हथबद सेक्शन में एलसी नंबर-387 दवांबोड पर सभी तीन लाइनों में रोड अंडर ब्रिज (आरयूबी) कार्य के लिए गर्डर लॉन्चिंग किया गया । भाटापारा-हथबद सेक्शन में एलसी-387 पर बॉक्स पुशिंग का काम पूरा हो चुका है और गर्डर की लॉन्चिंग हो चुकी है। एलसी-393 केसदा फाटक पर भी गर्डर लॉन्चिंग और बॉक्स पुशिंग पर पूरी हो गई है ।

### रायपुर मंडल-रेलवे सुरक्षा बल की उपलब्धियाँ

1. वर्ष-2024 में माह दिसम्बर तक मिशन रेल सुरक्षा के तहत रेलवे संपत्ति (अवैध कब्जा) अधिनियम के 61 मामलोंमें 125 अपराधियों का गिरफ्तारकर 5,14,343/-रू. की रेलवे संपत्ति की बरामदगी की गई है।

2. वर्ष-2024 में माह दिसम्बर तक रेलवे अधिनियम के 17768 मामलों में 17718 अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही किया गया जिस पर माननीय रेलवे न्यायालय द्वारा 39,68,975/- रू. जुर्माना वसूल किया गया।

3. वर्ष-2024 में माह दिसम्बर तक मिशन यात्री सुरक्षा के तहत यात्री सामानों की चोरी/अन्य मामलोंमें 121 अपराधियों की गिरफ्तारी व 34,94,698/-रू. की संपत्ति की बरामदगी में सहयोग कर अहम भूमिका निभाएं हैं।

4. वर्ष-2024 में माह दिसम्बर तक ऑपरेशन नारकोस के तहत मादक पदार्थ के परिवहन पर रोक लगाते हुए 37 अपराधियों की गिरफ्तारी व 1,24,17,520/-रू. की संपत्ति की बरामदगी में सहयोग कर अहम भूमिका निभाएं हैं।

5. वर्ष-2024 में माह दिसम्बर तक ऑपरेशन सतर्क के तहत अवैध शराब के परिवहन पर रोक लगाते हुए 08 अपराधियों की गिरफ्तारी व 2,38,545/-रू. की संपत्ति की बरामदगी में सहयोग कर अहम भूमिका निभाएं हैं।

6. वर्ष-2024 में माह दिसम्बर तक ऑपरेशननन्हे फरिश्ते के तहत 86 लावारिस, घुमंतु बच्चों का रेस्क्यू किया गया है।

7. वर्ष-2024 में माह दिसम्बर तकऑपरेशनअमानत के तहत यात्रा कररहे 442 यात्री कासामान (कीमत 1,18,98,802/- रू.) को संबंधित यात्रिया को सत्यापन उपरांत लौटाया गया है।

8. वर्ष-2024 में माह दिसम्बर तक ऑपरेशन मातृ शक्ति के तहत 02 गर्भवती महिला यात्रियों को उनकी जरूरत के अनुसार, शिष्टाचार का पालन करते हुए सहयोग किया गया है।

9. वर्ष-2024 में माह दिसम्बर तक मिशन जीवन रक्षक के तहत 07 यात्रियों के जीवन की रक्षा किया गया है।

10 वर्ष 2024 में महा दिसंबर तक ऑपरेशन विलेप (वन्य जीव) के तहत अवैध रूप से 100 नग तोता के परिवहन पर रोक लगाते हुए एक अपराधी की गिरफ्तारी में सहयोग कर अहम भूमिका निभाई।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत सरकार के अल्पसंख्यक राज्य मंत्री श्री जॉर्ज कुरियन जी से प्रकाश मोदी जी ने मुलाकात कर विशेष चर्चा की

**भाटापारा ( विश्व परिवार )।** भारत सरकार अल्पसंख्यक विभाग आयोग के एक्सपर्ट पैनल के सदस्य श्री प्रकाश मोदी ने दिल्ली में अल्पसंख्यक आयोग के राज्य मंत्री श्री जॉर्ज कुरियन से सौजन्य भेंट की, उन्हें शाल दुपट्टे से सम्मानित किया। छत्तीसगढ़ में अल्पसंख्यक समुदाय के लिए विशेष कार्य योजना लागू करने के लिए उनसे विस्तृत रूप से चर्चा हुई। उन्होंने उस पर ध्यान देने का आश्वासन दिया। जल्द ही नई कुछ योजनाएं बनाई जाएगी उसकी जानकारी भेजेंगे। साथ में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य श्री धन्नाप्पा जिन कुमार जी गुंडे भी साथ में रहे।



### 18000 दशाहूमड़ दिगम्बर जैन समाज और कार्यकारिणी ने 101 दिवसीय श्री नेमि गिरनार धर्म पद यात्रा को पूर्ण समर्थन देते हुए जारी किया पत्र : विश्व जैन संगठन

**दिल्ली ( विश्व परिवार )।** 18000 दशाहूमड़ दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष श्रीमान दिनेश जी खोड़निया ने बताया कि विश्व जैन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमान संजय जैन और राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्री भरत गांधी के आह्वान पर 23 मार्च 2025 को प्रथम जैन तीर्थंकर ऋषभदेव भगवान के जन्म तप कल्याणक दिवस को शुरू होने वाली देश की सबसे बड़ी प्रथम पदयात्रा जो 101 दिन में और 1500 किलोमीटर चलकर पूरे देश के विभिन्न प्रांतों के धर्मावलंबियों को जोड़ते हुए दिनांक 2 जुलाई 2025 को भगवान नेमिनाथ निर्वाण दिवस पर गिरनार जी पहुंचकर उनकी मोक्षस्थली के दर्शन कर निर्वाण लाडू समर्पण करेगी। कार्यकारणी द्वारा सर्वसम्मति से धर्म पद यात्रा को समर्थन देते हुए संगठन को पत्र जारी किया गया। 75 गांवों के अध्यक्षों की संस्था की कार्यकारिणी के परम संरक्षक श्री मोहनलाल पिंडारमिया, दीपेश लालावत अध्यक्ष युवा महासभा, प्रमोद शाह कोषाध्यक्ष, अशोक दोसी एवं धर्मेंद्र मेहता महासचिव और अन्य सभी सदस्यों ने समाज सहित धर्म पद यात्रा में तन, मन, धन से पूर्ण सहभागिता देने का आश्वासन दिया और विश्व जैन संगठन के प्रयासों की अनुमोदना की।


श्री 18000 दशा हुमड़जी साढे बारह मन्दिर बंदीजी
एवं चौखला सम्बंधी दिगम्बर जैन समाज
सागवाड़ा, जिला-डूंगरपुर (राज.)
Mo. 9414101757 E-mail : dashahummad@gmail.com

### गुरुदेव श्री रतन मुनि जी का द्वितीय पुण्य स्मृति दिवस गुणानुवाद के रूप में मनाया गया

**दुर्ग ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ प्रवर्तक गुरुदेव श्री रतन मुनि जी महाराज का द्वितीय पूर्ण स्मृति दिवस गुरु रतन धाम मंगलम साधना केंद्र में आध्यात्मिक वातावरण में चतुर्विद संघ के सानिध्य में मनाया गया उप प्रवर्तक डॉक्टर सतीश मुनि, केवल धाम से पधारे संत ऋषभ सागर जी साध्वी डा प्रियदर्शना श्रीजी साध्वी डॉक्टर सुमंगल प्रभा जी के सानिध्य में मनाया गया। आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद विजय बघेल विशेष रूप से उपस्थित थे। गुरु रतन के नाम आयोजित धर्म सभा को संत ऋषभ सागर जी सतीश मुनि जी डॉक्टर प्रियदर्शना जी साध्वी सुमंगल प्रभा जी एवं साध्वी सुप्रज्ञति श्री ने धर्म सभा को गुरु रतन के साथ व्यतीत किए गए समय का संस्मरण सुनाते हुए अनेक रोचक जानकारी गुरुदेव के संदर्भ में आयोजित सभा में संत समुदाय ने कहा एक जीव अंधेरे से जन्म लेता है और अंधेरे में ही अपना जीवन समाप्त कर देता है एक जीव अंधेरे में जन्म लेता है और प्रकाश के वातावरण में अपना जीवन समाप्त कर देता है।

## नव वर्ष पर कुंडलपुर में श्रद्धालुओं का उमड़ा जन सैलाब, बड़े बाबा के अभिषेक हेतु भक्तों की लगी लंबी कतार

**स्वतंत्रता संग्राम में जैन वीर सपूत ऐतिहासिक नाट्य प्रस्तुति**







**कुंडलपुर दमोह ( विश्व परिवार )।** सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र कुंडलपुर, पूज्य बड़े बाबा की अतिशय स्थली, संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की तपस्थली में नव वर्ष 2025 के शुभ आगमन पर पूज्य बड़े बाबा के चरणों में श्रद्धालु भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। नववर्ष की पूर्व संध्या से ही कुंडलपुर में देश के कोने-कोने से श्रद्धालु भक्तों का आना प्रारंभ हो गया।रात्रि में 8:00 बजे से जैन नाटक समिति पनागर के 90 प्रतिभाशाली कलाकारों द्वारा स्वतंत्रता संग्राम में जैन वीर सपूतों के बलिदान की जीवन गाथा ऐतिहासिक नाट्य प्रस्तुति के मंचन द्वारा उपस्थित भारी जनसमूह का मनमोह लिया। एक-एक कलाकार का अभिनय सराहनीय रहा। कार्यक्रम के शुभारंभ में चित्र अनावरण, दीप प्रज्वलन के साथ कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष चंद्रकुमार सराफ सहित पदाधिकारी सदस्यों ने अतिथियों एवं सभी कलाकारों का स्वागत अभिनंदन किया। देर रात तक नाटक की प्रस्तुति होती रही। मुख्य अतिथि हटा विधायक श्रीमती उमा देवी खटीक ने सभी कलाकारों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। बारह बजते ही पूज्य बड़े बाबा के श्री चरणों में जनसमूह उमड़ पड़ा और नव वर्ष 2025 का स्वागत नाचते गाते पूज्य बड़े बाबा की संगीतमय महाआरती के साथ किया। प्रचारमंत्री जयकुमार जैन जलज ने बताया कि नये वर्ष की प्रात: बेला में भक्तामर महामंडल विधान संपन्न हुआ।पूज्य बड़े बाबा के अभिषेक हेतु श्रद्धालु भक्तों की लंबी कतार लगना शुरू हो गई। एक-एक भक्तों ने क्रम से आकर नयेवर्ष का शुभारंभ पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक कर अपने को धन्य माना। पूज्य बड़े बाबा के दर्शनों को भारी भीड़ एकत्र हुई।इस अवसर पर शांतिधारा, रिद्धि कलश करने का सौभाग्य अशोक आयुष सुदीप पप्पू बड़े बाबा ड्रेसेस सागर, रमेशचंद्र अनीता विकास दिल्ली, जीतू भाई रायचंद दिनेश विशाल शाह अहमदाबाद, मुरारीलाल विजय ऋषभ हरदोई लखनऊ, राहुल सुषमा अजमेरा अशोकनगर, संतोष कुमार कोतमा, ऑर्थव सिंधु प्रक्षाल मेरठ, संभव पारस गौरझामर, गौरव आदि बड़ोद, लक्ष्मीचंद नरेश बीना, अभिनव मुकेश फिरोजाबाद, अनुराग आशीष गौरझामर ने सौभाग्य प्राप्त किया। जैन नाटक समिति के 90 कलाकारों ने 14वीं सदी में उल्लाल बेंगलुरु कर्नाटक की महारानी अबक्का का, 1857 में शहीद लाला हुकुमचंद जैन कानूनगो हांसी हरियाणा, शहीद अमरचंद भाटिया ग्वालियर, क्षुल्लक गणेशप्रसाद जी वर्णी जैसे जैन सपूतों के स्वतंत्रता संग्राम में दिए योगदान की गाथा का जीवंत अभूतपूर्व मंचन कलाकारों द्वारा किया गया। स्वतंत्रता संग्राम में जैन नामक ग्रंथ स्वर्गीय कपूरचंद जैन, ज्योति जैन खतौली द्वारा संकलित किया गया। संयोजक मंच संचालन राहुल बड़कुल, डायरेक्टर विद्याधर खजांची, बहन पूजा मोदी, प्रिया खजांची, प्रशांत जैन लालू का नाट्यमंचन में विशेष सहयोग रहा।रात्रि में भक्तामर दीप अर्चना एवं पूज्य बड़े बाबा की संगीतमय महाआरती की गई।

## विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के मध्य नववर्ष मनाया गया



**ललितपुर ( विश्व परिवार )।** बुंदेलखंड के प्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र पावागिरि सहित तालबेहट के दोनों जैन मंदिरों में बुधवार को विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के मध्य नववर्ष धूमधाम से मनाया। पावागिरि सिद्ध क्षेत्र के मूलनायक चमत्कारी बाबा पारसनाथ स्वामी का महामस्तिकभिषेक शांतिधारा महाआरती एवं पूजन विधान का भव्य आयोजन किया गया। रात्रि में महाआरती एवं भक्तामर पाठ के कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने पुण्यार्जन किया। वहीं सुबह पारसनाथ एवं वासुपूज्य दिगम्बर जैन मंदिर में धर्माबिलंबियों की भारी भीड़ उमड़ी एवं अनिल जैन के नेतृत्व में अभिषेक शांतिधारा पूजन विधान किया। जिसमें विजय कुमार, आनंद जैन, सुशील मोदी, प्रदीप एड, विकास पवा, चौधरी सनत कुमार, ऋषभ जैन, महेंद्र कुमार, राजेंद्र जैन, यशपाल जैन, प्रवीन कुमार, पुष्पेंद्र जैन, देवेंद्र कुमार, अरुण जैन, कपिल मोदी, कमलेश सिर्सी, वीरेंद्र जैन, राकेश जैन, हितेंद्र कुमार, प्रीतेश पवैया, अजय जैन अज्जू, श्रेयांश जैन, अरविन्द कुमार, विकास भंडारी, आकाश चौधरी, पंकज कुमार, सौरभ जैन, रुपेश भंडारी, सुरेंद्र कुमार, मनीष जैन, आदेश मोदी, स्वतंत्र जैन, अभिषेक कुमार, अमित जैन, शैलेश कुमार, धर्णेन्द्र जैन, जितेंद्र कुमार, प्रिंस, सिद्ध, पुनीत, वैभव, पारस, संदीप जैन, अक्षत पवा सहित सकल दिगम्बर जैन समाज का सक्रिय सहयोग रहा।

## 2025 का नया वर्ष सभी के लिये स्वर्ग का द्वार खोले : मुनि श्री नियम सागर जी महाराज



**विदिशा ( विश्व परिवार )।** बाजार की बनी हुई खाद्यान्न बस्तुओं को खाने से मांसाहार का दोष लगता है, जो लोग नरक नहीं जाना चाहते है वह आज ही से2025 के नये संकल्प के साथ बाजार की बनी हुई बस्तुओं का अजीवन त्याग कर दें उपरोक्त उदगार संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागरजी महामुनिराज के परम तपस्वी शिष्य एवं आचार्य श्री समयसागर महाराज के आज्ञानुवर्ती निर्यापक श्रमण मुनि श्री नियमसागर महाराज ने अरिहंत विहार दि. जैन मंदिर में सम्वोधित करते हुये व्यक्त किये।मुनि श्री ने 2025 नववर्ष पर सभी को आशीर्वाद देते हुये पांच मिनट का ध्यान योग कराया तत्पश्चात उन्होंने कहा कि यदि नरक जाने से बचना चाहते हो तो बाजार से बनी खाद्य्य सामग्री का त्याग कर दो उन्होंने कहा कि जीव के स्वाद के लिये असंख्य पशुओं की हत्या हो रही है जैसे आप लोग शव का स्पर्श करते है तो सूतक लगता है लेकिन जो लोग बजार की खाद्य बस्तुओं का सेवन करते है उनको मांसाहार का दोष लगता है, उन्होंने कहा किअज्ञान बस जो पशुओं का मांस खाता है तथा दिगम्वर मूनिओं पर उपसर्ग करता है वह अपने लिये नरक के द्वार खोलता है।उन्होंने राजा श्रैणिक का उदाहरण देते हुये कहा कि वह भले ही अगली चौवीसी में तीर्थंकर बनने बाले है लेकिन अज्ञान वस उन्होंने यशोधर मुनि महाराज के ऊपर उपसर्ग करने से नरकगति का बंध कर लिया था उन्होंने कहा कि अपने आपको नववर्ष 2025 में जगाइये और देखिये कि कंही हम नरक जाने की तैयारी तो नहीं कर रहेयदि हमने बाजार की खाद्य्य बस्तुओं का सेवन करने से नहीं रोका तो आपको नरक जाने से कोई नहीं रोक सकता उन्होंने कहा कि यह भगवान की वाणी है इसे सुनना है और अपनी आत्मा को नरक में गिरने से बचाना है तथा अज्ञानता से की गयी अपनी गल्तियों के लिये सबसे पहले भगवान से माफी मांग लैना तथा आज से ही आजीवन बाजार की खाद्य्य बस्तुओं का त्याग कर दैना प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी ने बताया निर्यापक श्रमण मुनि श्री नियमसागर महाराज का आज अवतरण दिवस भी है प्रात:काल मूल बेदी भगवान श्री पारसनाथ स्वामी, भगवान श्री शांतिनाथ स्वामी एवं भगवान श्री शीतलनाथ स्वामी का मस्तकाभिषेक एवं शांतिमंत्रों के साथ शांतिधारा मुनि श्री पवित्रसागर महाराज के मुखारविंद से संपन्न हुई।इस अवसर पर मुनि श्री निरंजन सागर महाराज तथा मुनि श्री आदिसागर महाराज एवं क्षु. श्री संयम सागर महाराज मंचासीन रहे। भगवान शांतिनाथ स्वामी के मस्तक पर शांतिधारा करने का सौभाग्य मंदिर कमेटी के अध्यक्ष ओमप्रकाश जैन एवं प्रवक्ता अविनाश जैन को मिला।इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान का अभिषेक कर नये वर्ष का स्वागत किया तथा मुनिसंघ से आशीर्वाद प्राप्त किया।तथा नगर के सभी जिनालयों भी अभिषेक एवं शातिधारा संपन्न कर एक दूसरे को नये वर्ष2025 की बधाई दी गयी। **-अविनाश जैन**

## पिसनहारी तीर्थ में मंगल अभिषेक एवं विश्व शांति के लिए शांति धारा सम्पन्न



**जबलपुर ( विश्व परिवार )।** नववर्ष के प्रथम दिवस दिन बुधवार को परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि, परम पूज्य मुनि 108 श्री संभव सागर जी मुनि श्री निशिम सागर जी, मुनि श्री श्रमण सागर जी, मुनि श्री ओंकार सागर जी, मुनि श्री संस्कार सागर जी, एवं छुल्लक जागृत सागर जी, छुल्लक गौरव सागर जी, द्वारा महामना, समाधि सम्राट, गुरुवर 108 विद्यासागर जी मुनिराज की तपोभूमि, साधना के शीर्ष, श्री पिसनहारी तीर्थ स्थित युग चेता, कालजयी, वर्तमान शासन नायक 1008 भगवान महावीर एवं देव पूजित, नंदीश्वरद्वीप जिनालय में आज सुबह 7.30 बजे, नव वर्ष 1 जनवरी 2025 केगौरवशाली धार्मिक स्वागत अवसर पर श्री महावीर मंदिर जी एवं श्री नंदीश्वरद्वीप जिनालय स्थित पंच मेरू एवं बावन जिनालयों में सैकड़ों लोगों के द्वारा अभिषेक एवं शांति धारा सम्पन्न की गई।

परम पूज्य मुनि 108 श्री संभव सागर जी ने सुस्पष्ट शांति धारा का वाचन करते हुए, 1008 भगवान महावीर मंदिर जी एवं देव पूजित नंदीश्वर द्वीप के केंद्र में स्थित पंच मेरू एवं वाबन जिनालयों का अभिषेक सम्पन्न करवाया, ट्रस्ट के उपाध्यक्ष संजय चौधरी ने जानकारी देते हुए बतलाया कि शांति धारा में प्रथम मेरू पर भाई पीयूष, पंकज, सर्वोत्तम परिवार द्वारा द्वितीय मेरू पर अरिहंत परिवार द्वारा तृतीय मेरू पर राकेश, नीरज, रमेश परिवार द्वारा चतुर्थ मेरू पर सचिन नवकार परिवार के द्वारा, एवं पांचवें मेरू पर जय मंगल टिंबर परिवार ने स्वर्ण एवं रजत कलशों अभिषेक व शांतिधारा करते हुए अपने जन्म जन्म के सिंचितकर्मों की निर्जरा की, इसके साथ ही सैकड़ों धर्म प्रेमी श्रावकों ने भी अभिषेक, शांति धारा में भाग लेते हुए विश्वशांति का उदघोष किया। इस अवसर पर शशांक जैन मोनू एंड पार्टी ने सस्वर संगीतमयी पूजन अभिषेक श्री नंदीश्वर द्वीप एवं महावीर मंदिर जी में करवा कर एक इतिहास लिख दिया।

अभिषेक व शांतिधारा व्यवस्था में कलश आवंटन व्यवस्था की कठिन जिम्मेदारी, कमलेश कक्का, संदेश जैन दिलीप जैन कल्लू थैला, शैलेश सन्मार्ग, शुभम् चिल्लर एवं नितिन बाजनामठ के भरपूर सहयोग से सम्पन्न हुई वहीं 52 जिनालय अभिषेक व शांतिधारा व्यवस्था में अमित विद्यासागर, राकेश बड़े, जित्तू भाई, दीपेश कलादर्पण, अनुभव भाई, रमेश भाग्योदय, नीरज बंटी पुरवा रोमित जैन, भावेश जैन के साथ, तीर्थ ट्रस्ट कमेटी के उपाध्यक्ष चौधरी संजय जैन, प्रधानमंत्री संजय जैन अरिहंत, कोषाध्यक्ष सुबोध जैन कामरेड, राजेंद्र साइकिल राजू भाई, विनीत जैन, सुनील जी.पी.अरविंद चांवल, अशोक भाई सुधीर लक्ष्मी, मनोज सेठ, शशांक गढ़वाल, पार्षद अनुपम बेटियां, आदिनाथ पूजन मंडल पारस पूजन मंडल, युवा संघ शास्त्री नगर, एवं सोशल ग्रुप जबालिपुरम, त्रिशला महिला मंडल का अप्रीतिम सहयोग रहा, नंदीश्वर अभिषेक पूजन एवं शांतिधारा में शाहपुरा, तेंदुखेड़ा, करेली, गोटेगांव से हजारों की संख्या में धार्मिक नर नारी संपूर्ण धार्मिक क्रियाओं के साक्षी रहें। **-चौधरी संजय जैन**

## बड़े बकायादरों के यहाँ पहुँचे कमिश्नर, कहा जल्द टैक्स अदा करे नही तो कार्रवाही के लिए रहें तैयार

**कर दाता समय पर करें कर का भुगतान, राजस्व वसूली टीम दे रही घरों में दस्तक, सख्ती के साथ होगी वसूली**



**दुर्ग ( विश्व परिवार )।** नगर पालिक निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल अधिकारी/ कर्मचारियो के संग स्वरूप टॉकीज का आकस्मिक निरीक्षण करने मौके पर पहुँचे।उन्होंने टॉकीज के मैनेजर को बकाया टैक्स जल्द से जल्द भुगतान करने की बात कही। उन्होंने yth सिजन होटल का भी निरीक्षण किया। उन्हें भी बकाया टैक्स जल्द भुगतान करने निर्देश दिए। इस मौके पर सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर, संजय मिश्रा, जलकार्य निरीक्षक राजू चन्द्राकर, अनिल करिहार व वार्ड के सहायक राजस्व निरीक्षक सहित टीम अमला मौजूद रहें।

बड़े बकायेदार समेत सभी पटा रहे टैक्स. कमिश्नर के निर्देश पर चल रहा अभियान, रोजाना हो रही समीक्षा नगर निगम की सख्ती का असर दिखने लगा है, अब तक सालों से संपत्ति समेत अन्य टैक्स नहीं पटाने वाले बड़े बकायादार भी अपना टैक्स नगर निगम दुर्ग में आकर जमा कर रहे हैं।नगर निगम के आय का एक बड़ा स्त्रोत राजस्व है, जिसकी धीमी वसूली और करदाताओं द्वारा नहीं देने पर निगम पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा था।

निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने राजस्व वसूली को प्राथमिकता में रखने के निर्देश देते हुए सभी जोन को वृहद स्तर पर लगातार अभियान चलाने के निर्देश दिए।इसके तहत ऐसे बड़े बकायादार जिन्होंने सालों से टैक्स नहीं दिया है और राशि भी बड़ी है उनसे सख्ती के साथ वसूलने के भी निर्देश दिए गए थे। जिसके बाद राजस्व वसूली में तेजी आई है, निगम कमिश्नर द्वारा राजस्व वसूली की रोजाना समीक्षा की जा रही है। निगम द्वारा लगातार लोगों से अपील की जा रही है कि वह अपना टैक्स जमा कर दें बावजूद इसके निगम के करदाता टैक्स जमा करने को लेकर निगम प्रशासन के आदेशों को हल्के में लेते हुए दिखाई दे रहे हैं और निगम का टैक्स जमा नहीं कर रहे। मजबूरन नगर निगम को ऐसे करदाताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को मजबूर होना पड़ रहा है।

## जहां-जहां पर संत विराजे वो धरती पावन हो जाए



**पारसोला ( विश्व परिवार )।** संतों के प्रवास से, चातुर्मास से, सानिध्य से सामान्य स्थान भी तीर्थ के समान प्रतीत होने लगते है।धन्य हो गई राजस्थान की पारसोला नगरी जहां पर वात्सल्य वारिधि आचार्य श्री वर्धमान सागर जी अपने विशाल संघ के साथ विराजमान है।

31 दिसंबर की वह रात्रि जो 2024 को अलविदा कह रही थी। पूरा युवा वर्ग जो इस रात को अपने दोस्तों, रिश्तेदारों और मिलनेवालो के साथ क्लब, रेस्टोरेंट, होटल, गार्डन आदि में नाच गानों के साथ नाच गानों हुल्लड़ बाजी में बिताते है लेकिन धन्य है पारसोला नगर की समाज, युवा वर्ग, पुरुष, महिलाएं और बच्चे जिन्होंने यह विशेष रात्रि अपने गुरु वर्धमान सागर जी ससंघ के सानिध्य में 1008 श्री आदिनाथ स्वामी की स्तुति करते हुए 48 दीपकों से भक्तामर स्त्रोत्र महा आराधना करते हुए अपने गुरुवर आचार्य श्री वर्धमान सागर जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। पारसोला नगरी में यह आराधना अत्यंत ही प्रेरणा स्पर्धा रही।अंग्रेजी नूतन वर्ष का शुभारंभ जिनेंद्र प्रभु की आराधना भक्ति पूर्वक की गई।

जयंतीलाल कोठारी अध्यक्ष जैन समाज, ऋषभ पचौरी अध्यक्ष वर्षायोग समिति ने बताया कि श्री पार्श्वनाथ भगवान की असीम कृपा और वात्सल्य वारिधी आचार्य 108 श्री वर्धमान सागर जी महाराज के पावन आशीर्वाद से 31 दिसंबर 2024 की रात्रि में नव वर्ष मंगलकारी सर्व सिद्धि दायक दिव्य मंत्र आराधना नगर में प्रथम बार विशिष्ट महा अनुष्ठान नव वर्ष में शांति, समृद्धि और सफलता के लिए 108 मंत्रो द्वारा विशेष आराधना व गुरुदेव का विशेष आशीर्वाद से 108 मंडल पर की गई। इस अनूठे विशिष्ट कार्यक्रम में लगभग 700 से 800 समाज जनों ने देर रात्रि तक भाग लेकर रात्रि में आचार्य श्री से विशेष आशीर्वाद प्राप्त किया। वीरेंद्र सेठ, राजेश पंचोलिया इंदौर अनुसार इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य आत्मशुद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का संचार, जीवन में शांति, समृद्धि और सफलता का मार्ग प्रशस्त करना, नव वर्ष में शुभ संकल्पों की पूर्ति के लिए मंत्र साधना, आध्यात्मिक उन्नति, आत्मा की शुद्धि और धर्म मार्ग पर अग्रसर होने की प्रेरणा, संकल्प सिद्धि: नव वर्ष के शुभ संकल्पों को साकार करने की शक्ति। मानसिक शांति: जीवन में स्थिरता और संतुलन प्राप्त करने के लिए आयोजित किया गया।

## नांदणी पंचकल्याण महोत्सव का हुआ शुभारंभ

**नांदणी/महाराष्ट्र ( विश्व परिवार )।** माणगाव निवासी और कर्मवीर मल्टिस्टेट जयसिंगपूर के संचालक श्री सुकुमार पाटील जी ने बताया की नांदणी पंचकल्याण महोत्सव का हुआ शुभारंभ - उत्तर और दक्षिण के 8 आचार्य परमेष्ठी भगवन एक साथ अद्भुत नजारा देखने को मिला। प.पू.चर्याशिरोमणी अध्यात्मयोगी श्री 108 आचार्य विशुद्धसागरजी महाराज ससंघ, प. पू. आचार्यश्री 108 धर्मसेनजी महाराज ससंघ, प. पू. आचार्यश्री 108 जिनसेनजी महाराज ससंघ, प. पू. आचार्यश्री 108 मयंकसागरजी महाराज ससंघ, प. पू. आचार्यश्री 108 शांतीसेनजी महाराज ससंघ, प. पू. आचार्यश्री 108 धर्मभूषणजी महाराज ससंघ, प. पू. आचार्यश्री 108 सुयशगुप्तीजी महाराज ससंघ का मंगल सानिध्य प्राप्त हो रहा हैं। नांदणी पंचकल्याण के प्रथम दिन गर्भ कल्याणक पूर्वार्ध संपन्न हुआ। घटयात्रा चल समारोह में जैन ध्वजा को लेकर आगे आगे हाथी चल रहा था। सौभाग्यशाली महिलाएं केशरिया परिधान में सिर पर मंगल कलश लेकर चल रहीं थी। बैंडबाजों की मधुर धुन पर युवा साथी भक्तिमय नृत्य कर रहे थे। घटयात्रा में लाए गए शुद्ध जल से वेदी, मंच एवं पांडाल की शुद्धि की गई और ध्वजारोहण किया गया। **-अभिषेक अशोक पाटील**

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड
CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION COMPANY LTD.
(A Government of Chhattisgarh Undertaking) (A Successor Company of CSEB)
(CIN: 40108CT2003SGC015822)
OFFICE OF EXECUTIVE ENGINEER (PROJECT) DIVISION, DURG
Ph: (0788) 2242823, website: www.cspdcl.co.in Email: eestre.durg@cspc.co.in

/का.अभि./परि. / सामान्य / 1975 दुर्ग, दिनांक:-30.12.2024

**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड**

**आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि परियोजना संभाग, छ.स्टे.पा.डि.कं. लिमि., दुर्ग के अन्तर्गत जिला-दुर्ग, वितरण केन्द्र नदकट्ठी में 33 के. व्ही. राईस मिल फीडर से टेप कर 33/11 के. व्ही. उपकेन्द्र-करंजा भिलाई तक 2.88 कि.मी. 33 के.व्ही. लाईन का विस्तार कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जिसे दिनांक 01.01.2025 को या उसके पश्चात् कभी भी उर्जीकृत किया जा सकता है, अत: लाईनों में लगे हुए खंभे, स्टे एवं तार आदि पर चढ़ने अथवा छूने का प्रयास न करें, इससे घातक दुर्घटना हो सकती हैं, जिसके लिए छ.स्टे. पॉ.डि.कं. लिमि. उत्तरदायी नहीं होगा।

विवरण इस प्रकार हैं :-

| क्रमांक | 11 के.व्ही. फीडर का नाम | प्रभावित ग्रामों का नाम |
|---|---|---|
| 1. | 33 के.व्ही. राईस मिल फीडर से टेप कर 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र-करंजा भिलाई तक | करंजा भिलाई एवं औद्योगिक केन्द्र करंजा भिलाई |

विद्युत की बचत कीजिए

( डी. के. भारती )
कार्यपालन अभियंता ( परियोजना )
संभाग, छ.स्टे.पॉ.डि.कं. लिमि., दुर्ग

SAMVAD- 42616/ 3

## आयुक्त विभागों में जाकर नववर्ष की शुभकामनाएं दी अच्छे से कार्य करने हेतु प्रेरित किए

**भिलाईनगर ( विश्व परिवार )।** नगर पालिक निगम भिलाई में नववर्ष को सभी अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा स्वयं जाकर आयुक्त को बधाई देने की परंपरा रही है। इस बार आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय स्वयं जाकर सभी विभागों के अधिकारी/कर्मचारियो को नववर्ष 2025 की शुभकामनाएं दी। सभी कर्मचारियो से क्या काम करते हो, किस प्रकार का कार्य चल रहा है आदि के बारे में बातचीत किए। राजस्व, संपत्तिकर विभाग के अधिकारी/कर्मचारियो को अधिक से अधिक राजस्व बढ़ाने को कहा। जिससे निगम की आर्थिक स्थिति ठीक हो, कर्मचारियो से संबंधित सभी भुगतान एवं अन्य भुगतान समय पर हो सके। नववर्ष में हम सब संकल्प ले, कार्यालय समय पर आये अपने कार्यो को निष्पादन करें। जनता के साथ सदभाव के साथ बातचीत करें। सभी को उनके प्रश्नो का उत्तर मिलना चाहिए।

मुख्य कार्यालय के काउंटर शाखा में जाकर देखा, कि वहां पर बुर्जुगो, दिव्यांगो आदि के बैठने के लिए कुर्सी की व्यवस्था नहीं है। इसके लिए भवन संधारण के दौलत चंद्राकर को आगन्तुको के आने पर काउंटर के पास बैठने की व्यवस्था शीध्र करने को कहा। प्रधानमंत्री आवास योजना जनता से जुड़ा हुआ प्रमुख विभाग है सभी को समय अवधि में सभी प्रक्रियाओ को करते हुए मकान प्रदान करने के लिए निर्देशित किए। महापौर नीरज पाल ने भी सभी अधिकारी/कर्मचारियों से नववर्ष में मिले और सबको शुभकामनाएं देते हुए कहे कि सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन करते हुए शासन की जनकल्याणकारी योजनाओ को लोगो तक पहुंचाना है। जो भी जनता विभाग में अपने कार्य के लिए आये उसको हर चीज की जानकारी अच्छे से दिया जाये। जिससे उसको दुबारा आने की आवश्यकता न पड़े, वह संतुष्ट होकर जाए। हम सब जनता के सेवक है।

## संक्षिप्त समाचार

### कांकेर में ओबीसी समाज का प्रदर्शन, उपाध्यक्ष पर दलाली का आरोप लगाकर पिटाई

**कांकेर(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ में आगामी नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों को लेकर ओबीसी समाज ने सोमवार को बस्तर में आरक्षण कटौती के खिलाफप्रदर्शन किया। इस दौरान कांकेर में एक विवाद उत्पन्न हो गया, जब ओबीसी समाज के जिला उपाध्यक्ष दशरथ साहू पर दलाली का आरोप लगाकर उन्हें महिला और अन्य प्रदर्शनकारियों ने दौड़ा-दौड़ा कर पीट दिया। प्रदर्शनकारी इस बात से नाराज थे कि आरक्षण प्रक्रिया में ओबीसी समाज की हिस्सेदारी कम की गई है। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद स्थिति को शांत किया। इस दौरान ओबीसी समाज ने आरोप लगाया कि उपाध्यक्ष साहू ने आरक्षण में कटौती के बावजूद अपनी पक्षधरता से समाज को धोखा दिया और उनकी इस कार्रवाई का विरोध किया। बता दें कि इस प्रदर्शन का प्रमुख मुद्दा नगरीय निकाय चुनाव में आरक्षण में हुई कटौती थी, जिसे ओबीसी समाज ने खारिज कर दिया। इसके विरोध में समाज ने सोमवार को बस्तर बंद का आह्वान किया, जिसका व्यापक असर बस्तर में देखने को मिला। सुबह से दुकानों का बंद रहना और माकड़ी में चक्काजाम के रूप में प्रदर्शन हुआ। ओबीसी समाज का कहना है कि सरकार द्वारा जो आरक्षण तय किया गया है, वह समाज के हित में नहीं है और इसे तत्काल निरस्त किया जाए। साथ ही, ओबीसी समाज को आरक्षण का लाभ फिर से दिया जाए।

### मजदूर परिवार का गांववालों ने किया हुक्कापानी बंद

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** जिले के तेंदूपाटी गांव में एक परिवार के 13 सदस्य पर मुसीबत का पहाड़ टूट पड़ा है. यहां गांव वालों ने मजदूर परिवार का हुक्का पानी बंद कर दिया है. मामले में पुलिस स्थिति सामान्य करने में जुटी है. वहीं पीड़ित परिवार उन दलालों पर कार्रवाई की मांग कर रहा है, जिनके चलते ये समाजिक दंश झेलना पड़ रहा है. दरअसल, इंदागांव थाना क्षेत्र में तेंदूपाटी गांव में आदिवासी परिवार को मजदूर दलालों ने ईट भट्टे में काम करने की बात कही. दलालों ने एडवांस 60 हजार रुपए देकर परिवार को आंध्र के बोरा कुंडा गांव में ईट भट्टे में भेज दिया था. जहां ठेकेदार ने इन्हें सप्ताह भर में 20 हजार ईंट बनाने का लक्ष्य दे दिया. परिवार जानता था कि रातों को जागकर भी इस लक्ष्य को पूरा नहीं किया जा सकता, लेकिन ठेकेदार मारने पीटने की धमकी देता था. इससे परेशान होकर पूरा परिवार कच्ची सड़क पहाड़ों को पार कर के किसी तरह अपनी जान बचाकर वापस गांव लौट आया।

### हास्य कवि सम्मेलन में कवियों ने बांधा समां

**बालोद(विश्व परिवार)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला बालोद के संघ शिक्षा वर्ग मुक्ताश्रम हथौद में रात्रि कालीन कार्यक्रम के अंतर्गत भव्य हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। सर्वप्रथम मां भारती की पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कवि जयकांत पटेल के संचालन में कवि सम्मेलन प्रारंभ हुआ। मां भारती एवं मां सरस्वती की वंदना के साथ अपने हास्य के अंदाज में सभी कवियों का परिचय कराया। काव्य पाठ हेतु सर्वप्रथम डॉ एस एल गंधर्व आमंत्रित हुए, उन्होंने देखो देखो बदल गया जमाना गाकर भारतीय संस्कृति के ह्रास पर चिंता व्यक्त की। श्री पुष्कर सिंह राज जी ने हमर सुनइया कोन हे के माध्यम से आज की राजनीति पर करारा प्रहार किया। श्री केशव राम साहू जी ने योग करो योग करो शरीर को निरोग करो काव्य का पाठ कर स्वयंसेवकों में योग के प्रति जागरूकता पैदा की। कवि सम्मेलन का संचालन कर रहे जयकांत पटेल ने सदियों के संघर्षों का परिणाम जागे हैं गाकर प्रभु श्री रामचंद्र जी का वंदन किया।

### श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ में पूर्व विधायक शामिल हुई

**धमतरी(विश्व परिवार)।** बलौदाबाजार के नगर भवन में स्व.सोनचंद वर्मा स्मृति फाउंडेशन द्वारा राजस्व, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री मा.टंकराम वर्मा जी के मार्गदर्शन में आयोजित आराध्य देव मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जी कि कथा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कथा वाचिका देवी चंद्रकला जी के द्वारा भगवान श्री राम जी के विभिन्न कथाओं को श्रोतागणों को परोस रहे हैं। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू कथा रसपान करने पहुंची, सर्वप्रथम व्यास पीठ एवं कथा वाचिका से आशीर्वाद लिए एवं उनके मुखार विंद से कथा श्रवण करने का परम सौभाग्य प्राप्त किए। कथा वाचिका ने भगवान श्रीराम की महिमा, ज्ञान और यज्ञ के महत्व को विस्तार पूर्वक बताते हुए कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की महिमा का जितना वर्णन किया जाए, वह कम है, श्रीराम नाम के जाप में अद्भुत शक्ति है, जो हमें भवसागर से पार लगाती हैं।

# शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन करें : कलेक्टर



**कोंडागांव(विश्व परिवार)।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले के छात्रावासों और आश्रमों में 'स्वस्थ परिसर-स्वस्थ जीवन' अभियान जाएगा। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज समय-सीमा की बैठक में इस अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत सभी छात्रावासों को मलेरिया मुक्त बनाने सभी आवश्यक उपाय किए जाएंगे, नियमित सफाई, टीकाकरण, सिकलसेल जांच और एनीमिया मुक्त बनाने के लिए स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित किए जाएंगे। इसके अलावा योग व व्यायाम और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि अनुकंपा नियुक्ति से जुड़े लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के साथ निराकरण करें। उन्होंने कहा कि अनुकंपा नियुक्ति से संबंधित कोई मामला लंबित नहीं रहना चाहिए। साथ ही लंबे समय से अनुपस्थित कर्मचारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम और अपार आईडी बनाने के कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और शिक्षा विभाग को इन कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत सक्षम आंगनबाड़ी उन्नयन कार्य के प्रगति की जानकारी ली। साथ ही प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की समीक्षा भी की। इस बैठक में जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर और अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### जिले के गरीब परिवारों का पक्के मकान का सपना हो रहा पूरा

**कांकेर(विश्व परिवार)।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जिले के जरूरतमंद गरीब परिवारों के पक्के मकान का सपना पूरा हो रहा है और कच्चे घर में होने वाली परेशानियों से मुक्ति मिल रही है। कांकेर विकासखण्ड के ग्राम दसपुर की निवासी श्रीमती जगिता बाई पटेल को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास स्वीकृत हुआ है। इस योजना के अंतर्गत सुशासन दिवस के उपलक्ष्य में उनके स्वीकृत आवास का भूमिपूजन विधायक श्री आशाराम नेताम और कलेक्टर श्री निलेश महादेव क्षीरसागर ने किया। श्रीमती जगिता बाई ने इस खास अवसर पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि उन्हें बेहद गर्व महसूस हो रहा है कि उनके घर की नींव के उद्घाटन अवसर पर स्वयं विधायक और कलेक्टर ने शिरकत की। इस दौरान उन्होंने बताया कि मिट्टी के कच्चे घर से निजात मिलना बेहद खुशी की बात है। यह सपना बहुत जल्द ही साकार होने वाला है। श्रीमती जगिता ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उनके जीवन की सबसे बेशकीमती सौगात मिली है। उनके पति श्री सरजू पटेल ने कहा कि यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में जरूरतमंद परिवारों के लिए आशा की किरण बनकर उभरी है।

# पूर्ण हो चुके निर्माण कार्यों का अविलम्ब उपयोगिता एवं पूर्णता प्रमाण-पत्र जारी करें : कलेक्टर

**कांकेर(विश्व परिवार)।** समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर की अध्यक्षता में आज आयोजित की गई, जिसमें उन्हांने अपूर्ण निर्माण कार्यों को शीघ्रता से पूरा करने तथा पूर्ण हो चुके कामों का उपयोगिता तथा पूर्णता प्रमाण-पत्र अविलम्ब जारी करने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए। समय-सीमा बैठक में उन्होंने विभागवार एवं अनुविभागवार लंबित प्रकरणों की साप्ताहिक प्रगति की समीक्षा करते हुए उचित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज सुबह 10.30 बजे से आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने विगत सप्ताह के लंबित प्रकरणों के निराकरण की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने नियद नेल्लानार योजना के तहत चयनित गांवों में कार्ययोजना के अनुरूप मिशन मोड में क्रियान्वयन करने के निर्देश जिला पंचायत के सीईओ श्री हरेश मंडावी को दिए। उन्होंने इन ग्रामों के हाट-बाजारों में स्वास्थ्य शिविर लगाने तथा मोबाइल क्लीनिक लगाने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए। इसी तरह इन ग्रामों के ग्रामीणों को शत-प्रतिशत सैच्युरेशन के लिए आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड आदि तैयार करने के लिए विशेष रूप से फोकस करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। साथ ही शत-प्रतिशत विद्यार्थियों की स्कूलों में उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए उन्हें न्यौता भोज कराने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए। साथ ही स्कूलों में दर्ज सभी विद्यार्थियों का जाति प्रमाण-पत्र बनाने का काम जल्द से जल्द पूरा करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में कलेक्टर ने जिला खनिज न्यास निधि के अंतर्गत स्वीकृत किन्तु अपूर्ण एवं प्रगतिरत निर्माण कार्यों को शीघ्रता से पूरा करने के निर्देश सभी जनपद पंचायतों के सीईओ को दिए। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के पूर्व वित्तीय वर्षों में स्वीकृत कार्यों को गुणवत्तापूर्वक आवास निर्माण कराने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके अलावा पीएम जनमन योजना के तहत स्वीकृत सभी 18 आवास निर्माण का कार्य माहांत तक सम्पन्न करने हेतु निर्देश दिए। कलेक्टर ने धान खरीदी की साप्ताहिक प्रगति की जानकारी इस दौरान ली।

# कलेक्टर व एसपी से मिले सिटी प्रेस क्लब बालोद के सदस्य

**बालोद(विश्व परिवार)।** सिटी प्रेस क्लब बालोद के सदस्य बालोद कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल व पुलिस अधीक्षक एसआर भगत से मुलाकात कर उन्हें नववर्ष की अग्रिम शुभकामनाएं दी। दोनों अफसारों ने सिटी प्रेस क्लब के साथ शहर की गतिविधियों को लेकर चर्चा भी की। दोनों ही अफसरों ने सिटी प्रेस क्लब की क्रियाविधियों व क्लब के द्वारा आगामी दिनों में किए जाने वाले रचनात्मक कार्यों को जानकर खुशी जाहिर की। साथ ही सिटी प्रेस क्लब के उज्जवल भविष्य की कामना भी की। इस दौरान सिटी प्रेस क्लब के अध्यक्ष टीकम पिपरिया, उपाध्यक्ष मोइन खान, महासचिव प्रकाश उपाध्याय, कोषाध्यक्ष मोहम्मद जुनैद कुरैशी, सह सचिव हरिवंश देशमुख, मीडिया प्रवक्ता केशव सिन्हा, मीडिया प्रभारी बोधन भट्ट, सह मीडिया प्रभारी तिलक देशमुख, कार्यालय प्रभारी दरवेश आनंद, सलाहकार मंडल के भावेश ठाकुर, जितेंद्र कुमार साहू, नरेश जोशी, निलेश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। कलेक्टर के साथ चर्चा में शहर में जिले के विभिन्न मुद्दों को रखा गया। खास तौर पर एन एच के निर्माण में हो रहे विलंब व शहर की पेयजल समस्या, जल आवर्धन योजना की धीमी गति पर विशेष रूप से चर्चा की गई। आगामी 1 जनवरी को नववर्ष के उपलक्ष में शहर के जय स्तंभ चौक पर सिटी प्रेस क्लब बालोद व मानव सेवा दल के द्वारा चलाए जा रहे सफाई अभियान में अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया, जिसे कलेक्टर ने सहर्ष स्वीकार किया। इसी तरह पुलिस अधीक्षक एस आर भगत को भी इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया उन्होंने भी आने की सहमति दी। पुलिस अधीक्षक से जिले में हो रही विभिन्न घटनाओं पर चर्चा की गई। खास तौर पर बढ़ती दुर्घटनाओ पर चिंता व्यक्त की गई।

### नववर्ष में हुड़दंग करने वालों पर पुलिस की पैनी नजर

**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** जिला पुलिस ने नववर्ष के स्वागत में हुड़दंग करने वालों पर सख्त कार्यवाही करना शुरू कर दिया है। पुलिस ने आमजनों से आग्रह किया है कि वाहन चलाते वक्त हेलमेट व चार पहिया वाहन सीटबेल्ट का उपयोग करें। 18 वर्ष के कम उम्र के बच्चों को वाहन चलाने के लिए न देंवे, अन्यथा वाहन चालक के साथ - साथ वाहन मालिक के विरूद्ध भी मोटर व्हीकल एक्ट के तहत वाहन जप्त कर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। किसी प्रकार की स्टंटबाजी न करें एवं सड़कों पर केक न काटें। सार्वजनिक स्थानों पर चाकू या तलवार से केक काटकर वीडियों बनाकर सोशल मीड़िया में पोस्ट करने वालों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। न्यायालय के आदेशानुसार डी.जे. का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित है। साउण्ड सिस्टम का उपयोग कम आवाज में करें अन्यथा कोलाहल अधिनियम के तहत संचालक व प्रायोजक के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।

# किसान रमन साहू मोबाईल एप्प से करते हैं सोलर पम्प का संचालन

**पम्प आटोमेशन के क्षेत्र में क्रेडा का नवाचार किसानों में बढ़ रही दिलचस्पी**



**धमतरी(विश्व परिवार)।** आधुनिक दौर में मानव प्रतिदिन अपने कामों की आसान बनाने के लिए नये-नये साधन विकसित कर रहा है और इसका उपयोग वह अपने घर के टीव्ही, एसी, पंखे सहित अन्य वे कार्य जिनकों करने के लिए पहले उनके पास जाना पड़ता था, अ बवह जरूरी नहीं रहा। रिमोट के एक बटन से अब वह चालू या बंद कर रहा है। अच्छी बात यह है कि मानव इसका उपयोग अब खेती-किसानी में भी करने लगा है। अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) द्वारा सोलर पंप को दूर से ही चालू और बंद करने के लिए नवाचार का प्रयोग किया जा रहा है, जिसमें किसानों की दिलचस्पी दिखायी दे रही है। विगत दिनों क्रेडा मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री राजेश सिंह राणा द्वारा धमतरी जिले के विभिन्न क्षेत्रों में क्रेडा द्वारा स्थापित सौर संयंत्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सीईओ श्री राणा की मुलाकात धमतरी जिले के किसान रमन साहू से हुई। किसान श्री रमन साहू ने बताया कि उनके पास साढ़े 3 एकड खेत है, जिसमें वे साल भर खेती-किासनी का काम करते है, वो भी पूरी तरह जैविक। इस दौरान क्रेडा सीईओ. ने पाया कि किसान रमन साहू अपने खेत में स्थापित सोलर पम्प को बिना पम्प के नजदीक जाये चालू कर दिया। किसान श्री रमन साहू ने बताया कि मै अपने खेत में स्थापित सोलर पम्प को अपने मोबाईल से चालू और बंद करता हूॅ। क्रेडा सी.ई.ओ. श्री राणा द्वारा उत्साहित होकर किसान श्री रमन साहू से इसके बारे में अधिक जानकारी लेते हुए पूछा कि अधिकतम कितने दूर से आप अपने मोबाईल से अपना सोलर पम्प बंद या चालू कर पाते है। इस पर किसान ने कहा कि मै अपने घर से अपना सोलर पम्प बंद चालू कर सकता हूॅ।

# पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से शत प्रतिशत लाभान्वित करें : कलेक्टर दीपक



**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने विभागीय योजनाओं में प्रगति की जानकारी ली। कलेक्टर अग्रवाल ने मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, सीपीग्राम, जनसमस्या निवारण शिविर, पीजीएन के प्रकरणों का निराकरण की समीक्षा करते हुए इनमें से लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये। स्कूली विद्यार्थियों के आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र के संबंध में शिक्षा विभाग के अधिकारियों से जानकारी लेते हुए कहा कि जिन विद्यार्थियों का आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र किसी कारणवश नहीं बन पाया है, तो ऐसे विद्यार्थियों के लिए राजस्व विभाग से समन्वय कर बनाना सुनिश्चित करें। पीएमश्री स्कूल के अपूर्ण निर्माण कार्यो को शीघ्र पूरा करें। कलेक्टर ने विद्यार्थियों के अर्द्धवार्षिक परीक्षा परिणाम की जानकारी लेते हुए कहा कि जिले के विद्यार्थियों का वार्षिक परीक्षा के दौरान उनका परिणाम बेहतर आये इसके लिए शिक्षक विद्यार्थियों के लिए और मेहनत के साथ रिवीजन कराए। जिन स्कूल के अर्द्धवार्षिक का परीक्षा परिणाम बेहतर नहीं आये है, ऐसे स्कूलों के संस्था प्रमुख एवं संबंधित विषय शिक्षकों को नोटिस जारी कराए। उन्होंने सभी पात्र हितग्राहियों का शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने की जानकारी लेते हुए छूटे हुए हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिये। बैठक में प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना, कुपोषण मुक्त ग्राम पंचायत, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका की लंबित नियुक्ति की जानकारी लेते हुए कहा कि सभी योजनाओं लाभ पात्र हितग्राहियों को मिले यह सुनिश्चित करें। स्कूल जतन योजना के तहत पूर्ण - अपूर्ण एवं प्रगतिरत निर्माण कार्यो को थर्ड पार्टी द्वारा निरीक्षण की कार्यवाही करें। साथ ही ग्राम पंचायतों के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी प्रत्येक माह के द्वितीय शनिवार को संबंधित ग्रामों का निरीक्षण कर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। इस कार्य पर किसी तहत के कोताही न बरते। इस दौरान उन्होंने आगामी 26 जनवरी 2025 को गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को धान खरीदी केन्द्रों एवं स्कूलों का निरीक्षण करने के निर्देश दिये। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ रीता यादव, अपर कलेक्टर प्रकाश राजपूत, नवीन भगत सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## व्यापार समाचार

### साल के आखिरी दिन शेयर बाजार में भारी गिरावट, नए साल में सावधानी के साथ आगे बढ़ने की तैयारी

**मुंबई( एजेंसी )।** घरेलू बेंचमार्क सूचकांक मंगलवार को गिरावट के साथ खुले। शुरुआती कारोबार में निफ्टी पर आईटी, रियलिटी, ऑटो, फाइनेंशियल सर्विस, एफएमसीजी, मीडिया और प्राइवेट बैंक सेक्टर में बिकवाली देखी गई। सुबह करीब 9ः25 बजे सेंसेक्स 434.64 अंक या 0.56 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77,813.49 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 108.90 अंक या 0.46 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,536 पर कारोबार कर रहा था। बाजार का रुख मिलाजुला रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 1,096 शेयर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,040 शेयर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। बाजार के जानकारों के अनुसार, दिसंबर का महीना वैश्विक स्तर पर इक्विटी बाजारों के लिए कमजोर रहा है। एसएंडपी 500 में 2.34 प्रतिशत और निफ्टी में 2.6 प्रतिशत की गिरावट आई है। उन्होंने कहा, बाजार नए साल में सावधानी के साथ आगे बढ़ने की तैयारी कर रहे हैं क्योंकि अनिश्चितता अधिक है और मूल्यांकन बढ़ा हुआ है। निफ्टी बैंक 191.50 अंक या 0.38 प्रतिशत की गिरावट के साथ 50,761.25 पर था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 244.95 अंक या 0.43 प्रतिशत की गिरावट के साथ 56,944.80 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 21 अंक या 0.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,618.95 पर था। सेक्टोरल फ्रंट पर पीएसयू बैंक, फार्मा, मेटल, एनर्जी, कमोडिटीज, पीएसई और हेल्थकेयर सेक्टर में खरीदारी देखी गई। सेंसेक्स पैक में टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, टीसीएस, इंफोसिस, जोमैटो और एनटीपीसी टॉप लूजर्स थे। जबकि टाटा मोटर्स, आईटीसी, टाटा स्टील, एसबीआई, कोटक महिंद्रा बैंक और नेस्ले इंडिया टॉप गेनर्स थे। पिछले कारोबारी सत्र में डॉव जोंस 0.97 प्रतिशत की गिरावट के साथ 42,573.73 पर बंद हुआ। एसएंडपी 500 इंडेक्स 1.07 प्रतिशत गिरकर 5,906.94 पर और नैस्डैक 1.19 प्रतिशत गिरकर 19,486.79 पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में चीन लाल निशान पर कारोबार कर रहा था, जबकि हांगकांग हरे निशान पर कारोबार कर रहा था। जानकारों ने कहा, उच्च अमेरिकी बॉन्ड यील्ड और मजबूत डॉलर यह सुनिश्चित करेंगे कि एफआईआई हर तेजी पर बिकवाली जारी रखेंगे। डीआईआई की खरीदारी इतनी मजबूत नहीं होगी कि बाजार को ज्यादा ऊपर ले जा सके।

### एंथम बायोसाइंसेज लिमिटेड ने 3,395 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के लिए सेबी के समक्ष दाखिल किया ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस

**रायपुर।** एंथम बायोसाइंसेज लिमिटेड ने 3,395 करोड़ रुपये के अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के समक्ष ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल किया है। एंथम बायोसाइंसेज लिमिटेड, एक नवाचार-आधारित और टेक्नोलोजी-केंद्रित कोंट्रेक्ट रिसर्च, विकास और विनिर्माण संगठन (CRDMO) है, जिसका संचालन पूरी तरह से दवा खोज, विकास और विनिर्माण से संबन्धित है। बैंगलोर स्थित कंपनी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम में शेयरधारकों द्वारा 3,395 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयरों का ऑफर फॉर सेल (OFS) शामिल है। ऑफर फॉर सेल में प्रमोटर सेलिंग शेयरहोल्डर्स गणेश संबासिवम और के रविंद्र चंद्रप्पा शामिल हैं, जो प्रत्येक 350 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयर बेच रहे हैं। निवेशक सेलिंग शेयरहोल्डर्स में, विरिडिटी टोन एलएलपी (ट्रू नॉर्थ) 1,325 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयर बेचेगी, जबकि पोर्ट्समाउथ टेक्नोलॉजीज एलएलसी 320 करोड़ रुपये के इक्विटी शेयर बेचेगी। बेचने वाले अन्य शेयरधारकों में मलय जे बरुआ, रूपेश एन किनेकर, सतीश शर्मा प्रत्येक द्वारा 320 करोड़ रुपये तक, प्रकाश करियाबेटन द्वारा 80 करोड़ रुपये तक और के रामकृष्णन द्वारा 10 करोड़ रुपये तक के शेयर ऑफर फॉर सेल में शामिल हैं। 2006 में निगमित की गई इस कंपनी की भारत में दो परिचालन विनिर्माण सुविधाएं हैं, यूनिट-1 (बोम्मासंद्रा) और यूनिट-2 (हरोहल्ली), दोनों कर्नाटक में हैं, जिनकी कुल वार्षिक कस्टम सिंथेसिस क्षमता और फर्मेंटेशन क्षमता 30 सितंबर, 2024 तक क्रमश: 270 kL और 142 kL है। तीसरी विनिर्माण सुविधा - हरोहल्ली में यूनिट-3 निर्माणाधीन है और 2025 की पहली छमाही में पूरी तरह से चालू होने की उम्मीद है।

एंथम के व्यवसाय में CRDMO सेवाएँ और विशेष सामग्री का निर्माण और बिक्री शामिल है। यह न्यू केमिकल एंटिटी (NCE) और न्यू बायोलॉजिकल एंटिटी (NBE) की लाइफसाइकल में CRDMO सेवाओं की एक व्यापक, एकीकृत और अत्यधिक अनुकूलन योग्य रेंज प्रदान करता है। आरएनएआई, एडीसी, पेप्टाइड्स, लिपिड और ऑलिगोन्यूक्लियोटाइड्स जैसे विभिन्न तौर-तरीकों और फ्लो केमिस्ट्री, एंजाइमेटिक प्रोसेस, बायोकैटेलिसिस और फर्मेंटेशन जैसी विनिर्माण तकनीकों में इसकी मजबूत उपस्थिति है, जो दवा विकास के लिए प्रौद्योगिकी क्षमताओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करती है। इसका परिचालन राजस्व वित्त वर्ष 2023 में 1,056 करोड़ रुपये से 34.3ऋ बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में 1,419 करोड़ रुपये हो गया। 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए पीएटी 367 करोड़ रुपये था।

### भारतीय अर्थव्यवस्था और बैंकों की स्थिति काफी मजबूत: आरबीआई

**मुंबई( एजेंसी )।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा सोमवार को जारी की गई फाइनेंशियल स्टेबिलिटी रिपोर्ट के मुताबिक, भारत अर्थव्यवस्था और घरेलू फाइनेंसियल सिस्टम मजबूत आर्थिक आधार, कंपनियों और बैंकों की स्वस्थ बैलेंसशीट और दशकीय उच्च स्तर पर मौजूद रिटर्न ऑन एसेट्स आधारित है। रिपोर्ट में कहा गया कि मजबूत आधार के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था में वृद्धि जारी रहेगी। रिपोर्ट में बताया गया कि शेड्यूल कमर्शियल बैंकों में मजूबती का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बैंक का मुनाफा मजबूत बना हुआ है। नॉन-परफॉर्मिंग एसेट्स (एनपीए) कई दशकों के निचले स्तर पर पहुंच गया है। रिटर्न ऑन एसेट्स (आरओए) और रिटर्न ऑन इक्विटी (आरओई) कई दशकों के उच्चतम स्तर पर हैं। केंद्रीय बैंक ने बताया कि मैक्रो स्ट्रेस से पता चला कि सभी बैंकों के पास पर्याप्त कैपिटल मौजूद है और विपरित परिस्थितियों का सामना कर सकते हैं।

# विजय हजारे ट्रॉफी 2024-25: अभिषेक शर्मा ने सिर्फ 60 गेंदों में जड़ा शतक



**नईदिल्ली( एजेंसी )।** इस समय खेली जा रही विजय हजारे ट्रॉफी 2024-24 के पांचवें दौर के मुकाबले में पंजाब क्रिकेट टीम के कप्तान अभिषेक शर्मा ने शानदार शतक लगाया।उन्होंने सौराष्ट्र क्रिकेट टीम के खिलाफ गुजरात क्रिकेट ग्राउंड में जारी मैच में आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 60 गेंदों में ही अपना शतक पूरा किया।यह लिस्ट-ए क्रिकेट करियर में उनका चौथा शतक है।आइए उनकी पारी और आंकड़ों के बारे में जानते हैं। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अभिषेक ने जोरदार बल्लेबाजी की और सौराष्ट्र के गेंदबाजों की खूब पिटाई की।वह 96 गेंदों पर 170 रन की पारी खेलकर आउट हुए। इस बीच उन्होंने 22 चौके और 8 छक्के लगाए। उन्होंने अपने लिस्ट-ए करियर का सर्वोच्च स्कोर बनाया।उन्हें दूसरे छोर से प्रभसिमरन सिंह (125) का अच्छा साथ मिला। इस सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 298 रन की बड़ी साझेदारी की। अभिषेक ने अपने लिस्ट-ए करियर में अब तक 58 मैच खेले हैं, जिसकी 57 पारियों में 1,800 से ज्यादा रन बनाए हैं।इस बीच उन्होंने 4 शतकों के अलावा 6 अर्धशतक लगाए हैं।बाएं हाथ से गेंदबाजी करते हुए उन्होंने 31.71 की औसत के साथ कुल 35 विकेट चटकाए हैं।वह अब तक भारतीय क्रिकेट टीम से कोई वनडे नहीं खेल सके हैं। हालांकि, उन्होंने 12 टी-20 अंतरराष्ट्रीय में देश का प्रतिनिधित्व किया है। मौजूदा सीजन में यह अभिषेक के बल्ले से निकलने वाली पहली शतकीय पारी रही।पहले राउंड में अभिषेक ने अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ 10 रन की पारी खेली थी।नागालैंड के विरुद्ध अपने दूसरे मैच में उन्होंने 40 रन की पारी खेली थी।इसके बाद कर्नाटक के खिलाफ 17 रन बनाए।मुंबई क्रिकेट टीम के विरुद्ध उन्होंने 66 रन की पारी खेली थी। उस मैच में गेंदबाजी में उन्होंने 2 विकेट भी लिए थे। प्रभसिमरन ने भी अपने लिस्ट-ए करियर का चौथा शतक लगाया। उन्होंने 95 गेंदों में 11 चौकों और 8 छक्कों की मदद से 125 रन की पारी खेली।अभिषेक और प्रभसिमरन की जोड़ी ने 198 रन की साझेदारी की। यह विजय हजारे ट्रॉफी के इतिहास में संयुक्त रूप से तीसरी सबसे बड़ी साझेदारी है।बता दें कि पंजाब की ओर से यह किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी बन गई है।

## भारतीय गेंदबाजों ने कोंस्टास के फॉरवर्ड डिफेंस में खामी को उजागर किया: ओ कीफ

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर केरी ओकीफ ने 19 वर्षीय सलामी बल्लेबाज सैम कोंस्टास की बल्लेबाजी तकनीक के बारे में चिंता जताई है, उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर तत्काल समाधान नहीं किया गया तो उनके फॉरवर्ड डिफेंस में खामियां उनके होनहार टेस्ट करियर को पटरी से उतार सकती हैं। ओकीफ की आलोचना कोंस्टास के एमसीजी में बॉक्सिंग डे टेस्ट में भारत के खिलाफ संघर्ष के बाद आई है, जहां इनस्विंगिंग डिलीवरी के खिलाफ उनकी कमजोरी उजागर हुई थी। जबकि इनस्विंगिंग डिलीवरी ने कोंस्टास को परेशान किया है, ओकीफ का मानना है कि असली समस्या उनकी फॉरवर्ड डिफेंस तकनीक में है। फॉक्स क्रिकेट पर बोलते हुए, ओकीफ ने समझाया, भारतीय रणनीतिकारों ने सैम कोंस्टास के फॉरवर्ड डिफेंस में एक समस्या की पहचान की है। यह खामी अब वैश्विक मंच पर उजागर हो गई है और संभवत: दुनिया भर की गेंदबाजी इकाइयों द्वारा इसका लक्ष्य बनाया जाएगा। भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट में कोंस्टास दोनों पारियों में इनस्विंग गेंदों पर आउट हुए। पहली पारी में जसप्रीत बुमराह ने उन्हें जल्दी ही परख लिया, हालांकि कोंस्टास बचाव करने के बजाय आक्रमण करके बचने में सफल रहे। हालांकि, दूसरी पारी में बुमराह ने शुरू में आउटस्विंगर फेंकी और फिर कोंस्टास को तैयार किया, लेकिन फिर एक घातक इनस्विंगर फेंकी जिससे उनके स्टंप उखड़ गए। ओकीफ ने कहा, सैम का अगला कंधा पूरी तरह से ढीला हो जाता है और वह सिर्फ अपने हाथों से खेलता है।



## पूर्व इंग्लैंड फुटबॉल कोच साउथगेट नए साल की सम्मान सूची में नाइटहुड से सम्मानित

**लंदन( एजेंसी )।** इंग्लैंड के पूर्व पुरुष सीनियर फुटबॉल मैनेजर गैरेथ साउथगेट को 2025 के लिए नए साल की सम्मान सूची में शामिल किया गया है। एफए ने एक विज्ञप्ति में कहा,इंग्लैंड को चार प्रमुख टूर्नामेंटों में ले जाने और दो यूरो फाइनल और एक विश्व कप सेमीफाइनल में पहुंचाने के बाद, साउथगेट को नाइटहुड से सम्मानित किया गया है, इससे पहले 2019 में उन्हें ओबीई बनाया गया था। गैरेथ ने इस साल की शुरुआत में लगभग आठ साल तक प्रभारी रहने के बाद थ्री लायंस के बॉस के रूप में अपना पद छोड़ दिया, स्पेन के खिलाफ यूईएफए यूरो 2024 फाइनल के बाद 102 मैचों में 61 जीत, 24 ड्रॉ और 17 हार के साथ। यह उनके द्वारा इंग्लैंड के लिए खिलाड़ी के रूप में 57 कैप और दो गोल तथा सीनियर टीम मैनेजर के रूप में नियुक्ति से पहले इंग्लैंड के पुरुष अंडर-21 के प्रभारी के रूप में 37 मैच खेलने के अतिरिक्त है। एफए अध्यक्ष डेबी हेविट ने कहा, फुटबॉल एसोसिएशन में हम सभी की ओर से, मैं सर गैरेथ को इस अत्यंत योग्य सम्मान के लिए बधाई देता हूं। एक खिलाड़ी, कोच और परिवर्तन-निर्माता के रूप में खेल में अपने पूरे करियर के दौरान, उन्होंने अंग्रेजी फुटबॉल का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा, हमारे अब तक के सबसे महान मैनेजरों में से एक, सर गैरेथ की चार प्रमुख टूर्नामेंटों में उल्लेखनीय कोचिंग उपलब्धियों में दो लगातार यूरो फाइनल शामिल हैं, जो हमारे घर से दूर सर्वश्रेष्ठ पुरुष विश्व कप प्रदर्शन की बराबरी करते हैं और पांच साल से अधिक समय तक दुनिया के शीर्ष पांच में स्थान बनाए रखते हैं।



## आरबीआई का बड़ा कदम, आरटीजीएस और एनईएफटी से लेनदेन करना होगा और अधिक सुरक्षित



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा सोमवार को सभी बैंकों को निर्देश दिया गया कि वे आरटीजीएस या एनईएफटी प्रणाली का उपयोग करके लेनदेन शुरू करने से पहले पैसा भेजने वालों को लाभार्थी के बैंक खाते का नाम वैरिफाई करने की सुविधा प्रदान करें। केंद्रीय बैंक के इस कदम से आरटीजीएस और एनईएफटी के जरिए लेनदेन करना और सुरक्षित हो जाएगा। इस सुविधा को लागू करने के लिए आरबीआई ने सभी बैंकों को एक अप्रैल, 2025 तक की डेडलाइन दी है। आरबीआई के सर्कुलर में कहा गया, सभी बैंक जो आरटीजीएस और एनईएफटी के प्रत्यक्ष सदस्य या उप-सदस्य हैं, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे 1 अप्रैल, 2025 से पहले यह सुविधा प्रदान करें। इस सुविधा की शुरुआत के साथ, धन भेजने वाले लाभार्थी का खाता नंबर और ब्रांच आईएफएससी कोड इनपुट कर सकते हैं, जिसके बाद लाभार्थी का नाम प्रदर्शित होगा। यह सुविधा ग्राहकों में विश्वास बढ़ाएगी क्योंकि इससे गलत क्रेडिट और धोखाधड़ी की संभावना कम हो जाएगी। रियल टाइम ग्रॉस सेटलमेंट (आरटीजीएस) और नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर (एनईएफटी) सिस्टम के लिए लाभार्थी बैंक खाता नाम लुक-अप सुविधा की शुरूआत का प्रस्ताव आरबीआई द्वारा 9 अक्टूबर, 2024 को जारी किए गए डेवलपमेंटल और रेगुलेटरी पॉलिसीज में दिया गया था। आरटीजीएस एक रिटल -टाइम पेमेंट सिस्टम है। इसमें रियल टाइम में आसानी से बिना किसी देरी के पैसा ट्रांसफर किया जा सकता है। यह सुविधा 24/7 उपलब्ध है। इसमें लेनदेन करने की न्यूनतम सीमा 2 लाख रुपये है। एनईएफटी एक भी एक पेमेंट सिस्टम है। आरटीजीएस की तुलना में इससे लेनदेन करने पर पैसा लाभार्थी तक पहुंचने में कुछ समय लगता है। यह कुछ मिनटों से लेकर कुछ घंटों तक हो सकता है। इसमें लेनदेन की कोई न्यूनतम सीमा नहीं है। मौजूदा समय में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) और इंमीडिएट पेमेंट्स सर्विसेज (आईएमपीएस) सिस्टम में पैसा भेजने वाला व्यक्ति लाभार्थी का नाम वैरिफाई कर सकता है।

## कोबोली, पाओलिनी ने इटली को यूनाइटेड कप के क्वार्टरफाइनल में पहुंचाया



**सिडनी( एजेंसी )।** फ्लेवियो कोबोली ने मैच प्वाइंट बचाकर हार के कगार से वापसी की , जिससे इटली ने फ्रांस को हराकर यूनाइटेड कप के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली। इटालियन ने फ्रांसीसी उगो हम्बर्ट को 3-6, 7-6(8), 6-2 से हराया। उगो हम्बर्ट ने दूसरे सेट में अपने पहले 17 सर्विस प्वाइंट जीते और मैच के लिए 6-3, 5-4 15/0 पर सर्विस की। लेकिन फ्रांसीसी खिलाड़ी आगामी टाई-ब्रेक में 8/7 पर मैच प्वाइंट को बदलने में असमर्थ रहे और यह महंगा साबित हुआ। जैस्मीन पाओलिनी और मिश्रित युगल जोड़ी सारा इरानी और एंड्रिया वावसोरी की जीत के बाद इटली ने टाई को 3-0 से जीत लिया। देश ने अब ग्रुप डी जीत लिया है और मिश्रित टीमों के आयोजन के नॉकआउट चरण में प्रवेश करेगा। फ्रांस को ग्रुप जीतने के लिए इटली को 3-0 से हराना था। एरानी और वावसोरी की मिश्रित युगल जोड़ी ने एडवर्ड रोजर-वेसलिन और एलिक्सेन लेकेमिया को 6-3, 7-6 से हराया। इटली के क्वार्टर फाइनल में सुरक्षित रूप से पहुंचने के बाद, दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी पाओलिनी पर कोई दबाव नहीं था, क्योंकि उन्होंने महिला एकल में भाग लिया। 2024 के रौलां गैरो और विंबलडन फाइनलिस्ट शांत और संयमित थीं, क्योंकि उन्होंने क्लो पैक्वेट पर 6-0, 6-2 से जीत दर्ज की, जिससे मंगलवार को इटली के लिए आधिकारिक रूप से मुकाबला पक्का हो गया।

## वक्रांगी लिमिटेड ने श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस के साथ समझोता किया, अपने नेटवर्क में जीवन बीमा उत्पादों को भी बेचेगी

**रायपुरः** वक्रांगी लिमिटेड (VL) (बीएसईः 511431, एनएसईः वक्रांगी), भारत के सबसे बड़े लास्ट माइल डिस्ट्रीब्यूशन प्लेटफॉर्मों में से एक, ने श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस के साथ एक रणनीतिक कॉर्पोरेट एजेंसी टाई-अप की घोषणा की है। यह साझेदारी देश भर में वाक्रांगी केंद्रों के माध्यम से व्यापक जीवन बीमा उत्पादों तक आसान पहुंच प्रदान करने का लक्ष्य रखती है। इस सहयोग के माध्यम से, वक्रांगी केंद्र, जो अंडर सर्वड़ और अन सर्वड़ क्षेत्रों में स्थित हैं, जीवन बीमा उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला की ऑफर कर सकेंगे। इस साझेदारी का लाभ उठाकर, हम बीमा समाधान की पहुंच और अफोर्डेबिलिटी को बढ़ावा देने का प्रयास कर रहे हैं, जिससे ग्राहक वित्तीय सुरक्षा प्राप्त कर सकें। इस साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए, वक्रांगी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री वेदांत नंदवाना ने कहा, हमें श्रीराम लाइफइंश्योरेंस के साथ भागीदारी करने पर गर्व है ताकि हम अपनी आवश्यक सेवाओं के पोर्टफोलियो का विस्तार कर सकें। यह पहल हमारे वित्तीय समावेशन के दृष्टिकोण के साथ मेल खाती है और हर भारतीय, चाहे वह कहीं भी हो, के लिए उच्च गुणवत्ता वाले बीमा उत्पादों तक अंतिम मील पहुंच प्रदान करने का कार्य करती है। वक्रांगी केंद्र विशेष रूप से ब्रांडेड फॉर्मेट आउटलेट हैं जो बैंकिंग, बीमा, एटीएम, सहायक ई-कॉमर्स, ई-गवर्नेंस और समग्र स्वास्थ्य देखभाल में उत्पादों और सेवाओं की एक व्यापक श्रृंखला की पेशकश करते हैं। वक्रांगी केंद्रों के 83ऋ आउटलेट Tier-4 से 6 स्थानों पर स्थित हैं, यह संघ वक्रांगी को देश के सबसे दूरस्थ हिस्सों में बीमा सेवाओं का पहुंच प्रदान करने की अनुमति देगा। हम अधिक उत्पादों और सेवाओं को जोड़ते रहेंगे और प्रमुख व्यवसाय साझेदारों के साथ जुड़कर अपने ग्राहकों के लिए सभी आवश्यकताओं का एक-स्टॉप समाधान प्रदान करेंगे। हम भारत में सबसे विश्वसनीय भौतिक और ऑनलाइन सुविधा स्टोर बनने का प्रयास कर रहे हैं और वक्रांगी केंद्र के नए ब्रांड दर्शन AB Poori Duniya Pados Mein की दिशा में सकारात्मक रूप से आगे बढ़ रहे हैं। 1990 में स्थापित, वाक्रांगी एक प्रमुख लास्ट माइल डिस्ट्रीब्यूशन प्लेटफॉर्म के रूप में उभरा है।

## आईआईएम रायपुर ने असम प्रतिनिधियों के साथ युवा संगम चरण 5 सांस्कृतिक आदान-प्रदान का सफल समापन किया

**रायपुरः** भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रायपुर द्वारा आयोजित और शिक्षा मंत्रालय के सहयोग से एक भारत, श्रेष्ठ भारत पहल के तहत युवा संगम चरण 5 सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम का पांच दिवसीय आयोजन सफ्लता के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में असम के प्रतिनिधियों ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परंपराओं और धरोहर से जुड़ने और सीखने का अविस्मरणीय अनुभव प्राप्त किया। मड़ई ऑडिटोरियम, आईआईएम रायपुर में आयोजित समापन सत्र में छत्तीसगढ़ के सबसे युवा सांसद और पूर्व लोकसभा सदस्य श्री अभिषेक सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। अपने प्रेरणादायक संबोधन में उन्होंने छात्रों को अपने आराम क्षेत्र से बाहर निकलकर अनुभवों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, जब भी जीवन आपको अपनी सीमाओं से परे जाने का अवसर दे ङ्क बौद्धिक रूप से या शारीरिक रूप से ङ्क इसे स्वीकार करें। ऐसे अनुभव आपके व्यक्तित्व में अद्भुत आत्मविश्वास का निर्माण करते हैं, और वह परिवर्तन अनमोल होता है। उन्होंने छात्रों को जिज्ञासु और खुले विचारों वाला बने रहने की सलाह दी और जोड़ा, हमेशा अपने अनुभवों पर चिंतन करने का समय निकालें, क्योंकि ये चिंतन आपको अपने बारे में कुछ नया सिखाएंगे और आपको विकसित होने में मदद करेंगे। समापन सत्र में असम के प्रतिनिधियों द्वारा एक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई, जिसमें राज्य की समृद्ध परंपराओं और समुदाय की झलक देखने को मिली। प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए इसे जीवन का एक अनोखा अवसर बताया। एक प्रतिनिधि ने कहा, हमारे कॉलेज में, हम ज्यादातर सैद्धांतिक अध्ययन पर ध्यान केंद्रित करते हैं। युवा संगम ने मुझे यह सिखाया कि ये अवधारणाएँ वास्तविक दुनिया के पर्यावरण और वन्य जीवन में कैसे काम करती हैं। साथ ही, इसने मुझे असम के विभिन्न जिलों के लोगों से जुड़ने और छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति और धरोहर को करीब से जानने का मौका दिया।दूसरी प्रतिभागी ने कहा, सिरपुर और भिलाई स्टील प्लांट का दौरा मेरे जीवन के सबसे अच्छे अनुभवों में से एक था। एक विजुअल आर्ट्स बैकग्राउंड से होने के कारण, मैंने कभी नहीं सोचा था कि छत्तीसगढ़ में इतनी समृद्ध पुरातात्विक धरोहर है।

दैनिक
# विश्व परिवार
महानगर

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, गुरुवार 02 जनवरी 2025



## दो सिंचाई योजना के कार्यों के लिए 4.46 करोड़ स्वीकृत

**रायपुर (विसं)।** राज्य शासन ने दो सिंचाई परियोजना के कार्यों के लिए 4 करोड़ 46 लाख 23 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। स्वीकृत सिंचाई योजना में मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के विकासखंड सोनहत अंतर्गत कुशमाहा जलाशय के बांध एवं नहर का जीर्णोद्धार कार्य कराने के लिए एक करोड़ 66 लाख 48 हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इसी प्रकार सरगुजा जिले के विकासखंड अंबिकापुर के अंतर्गत बांकीपुर जलाशय योजना की नहर जीर्णोद्धार एवं नवीनीकरण कार्य के लिए 2 करोड़ 79 लाख 85 हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर प्रदेश में निरंतर धान खरीदी का सिलसिला जारी

**अब तक 90.07 लाख मीट्रिक टन धान की हो चुकी है खरीदी**

- धान खरीदी के साथ-साथ तेजी से हो रहा धान का उठाव
- 18.12 लाख किसानों को धान खरीदी के एवज में 20 हजार करोड़ रूपए से अधिक का भुगतान
- पंजीकृत किसानों के धान विक्रय हेतु 25 जनवरी तक के लिए ऑनलाईन एवं ऑफलाईन टोकन उपलब्ध



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राज्य में 14 नवम्बर से शुरू हुई धान खरीदी का सिलसिला अनवरत रूप से जारी है। अब तक लगभग 90.07 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। धान खरीदी के एवज में 18.12 लाख किसानों को बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत 20 हजार 035 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया है। धान खरीदी का यह अभियान 31 जनवरी 2025 तक चलेगी।

प्रदेश के समस्त पंजीकृत कृषकों को खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में धान विक्रय हेतु टोकन की सुविधा ऑनलाईन एप्प (टोकन तुंहर हांथ) एवं उपार्जन केन्द्रों में 25 जनवरी 2025 तक के लिए उपलब्ध कराया गया है। किसान सुविधा अनुसार तिथि का चयन कर नियमानुसार धान विक्रय कर सकते है।

धान खरीदी के साथ-साथ मिलर्स द्वारा धान का उठाव भी तेजी से हो रहा है। धान उठाव के लिए लगभग 61 लाख मीट्रिक टन धान के लिए डीओ और टीओ जारी किया गया है, जिसके विरूद्ध अब तक 34.61 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव कर लिया गया है।

खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस खरीफ वर्ष के लिए 27.78 लाख किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। इसमें 1.59 लाख नए किसान शामिल है। इस वर्ष 2739 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी अनुमानित है।

खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आज 01 जनवरी 2025 को 57893 किसानों से 2.66 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी की गई है। इसके लिए 74 हजार 760 से अधिक टोकन जारी किए गए थे। आगामी दिवस के लिए 81 हजार 927 टोकन जारी किए गए हैं।

# जल जीवन मिशन के कार्यों में तेजी लाने नए साल के पहले ही दिन उप मुख्यमंत्री अरुण साव उतरे फील्ड पर

**अगमधाम-खंडवा मल्टी-विलेज जल प्रदाय योजना का काम देखा**

### इंटेकवेल और वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण कार्यों का किया औचक निरीक्षण



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्री अरुण साव जल जीवन मिशन के कार्यों को गति देने आज नए साल के पहले ही दिन फील्ड पर उतरे। वे आज राजधानी रायपुर से करीब 75 किलोमीटर दूर बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में अगमधाम-खंडवा मल्टी-विलेज जल प्रदाय योजना का काम देखने पहुंचे। उन्होंने दामाखेड़ा के पास ग्राम तोरा में शिवनाथ नदी के चक्रवाय एनीकट पर योजना के लिए तैयार हो रहे इंटेकवेल और ग्राम किरवई में निर्माणाधीन वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के कार्यों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने दोनों कार्यों के निर्माण में तेजी लाते हुए समय-सीमा में पूर्ण गुणवत्ता के साथ काम पूरा करने के निर्देश दिए। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव श्री मोहम्मद कैसर अब्दुलहक, जल जीवन मिशन के संचालक श्री सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे और पूर्व विधायक श्री शिवरतन शर्मा भी इस दौरान मौजूद थे।

उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने अगमधाम-खंडवा मल्टी-विलेज योजना के इंटेकवेल और वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण कार्यों का बारिकी से निरीक्षण किया। उन्होंने किरवई में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की ड्राइंग-डिजाइन देखकर जल शोधन की प्रक्रिया समझी। उन्होंने विभागीय अधिकारियों और निर्माण एजेंसी से निर्माण कार्यों में उपयोग हो रहे सामग्रियों एवं निर्माण की गुणवत्ता की टेस्टिंग के बारे में पूछा। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को दोनों साइट्स का नियमित भ्रमण कर कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। श्री साव ने निर्माण एजेंसी से कहा कि इस पूरे क्षेत्र में स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति के लिए यह एक बड़ी और महत्वपूर्ण योजना है। इससे 50 गांवों को पेयजल मिलेगा। इसके सभी घटकों का काम अच्छा होना चाहिए। उन्होंने पाइपलाइन बिछाने और गांवों में टंकी निर्माण के कार्यों की प्रगति की भी जानकारी ली।

## संक्षिप्त समाचार

### राज्यपाल रमेन डेका से संभागीय रेलवे प्रबंधक संजीव कुमार ने सौजन्य भेंट की



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राज्यपाल श्री रमेन डेका से आज राजभवन में संभागीय रेलवे प्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे (एसईसीआर) रायपुर श्री संजीव कुमार ने सौजन्य भेंट की।

### जैव रसायन में उत्कृष्टता : एम्स रायपुर बना छत्तीसगढ़ की पहली एनएबीएल-प्रमाणित सरकारी प्रयोगशाला



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** एम्स रायपुर के जैव रसायन विभाग ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह छत्तीसगढ़ का पहला सरकारी प्रयोगशाला बन गया है जिसे एनएबीएल (नेशनल एक्रेडिटेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लैबोरेटरीज़) मान्यता प्राप्त हुई है। यह प्रतिष्ठित मान्यता विभाग की गुणवत्ता, सटीकता और विश्वसनीयता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने की प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जो सटीक निदान और उपचार के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह उपलब्धि विभाग की समय पर और सटीक परिणाम प्रदान करने की प्रतिबद्धता को भी उजागर करती है, जो प्रभावी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए आवश्यक हैं।

एम्स रायपुर के कार्यकारी निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल (सेवानिवृत्त) ने इस पहल को सफल बनाने में आवश्यक संसाधन और सुविधाएं प्रदान कर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस सफलता का श्रेय विभागाध्यक्ष और लैब डायरेक्टर डॉ. एली महापात्रा के नेतृत्व में समर्पित टीम को जाता है, जिसमें डॉ. रचिता नंदा, डॉ. सुप्रवा पटेल, डॉ. सीमा शाह, और डॉ. नेहा रानी वर्मा के साथ श्रीमती दीप्ति, श्री अभिषेक, श्रीमती मनीषा और विभाग के सभी तकनीकी स्टाफ का योगदान शामिल है। उनकी कठोर परिश्रम और कड़े गुणवत्ता मानकों का पालन इस मान्यता को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण रहा। यह उपलब्धि एम्स रायपुर को एक अग्रणी स्वास्थ्य संस्थान के रूप में स्थापित करती है, जो चिकित्सा अनुसंधान को आगे बढ़ाने और मरीजों के स्वास्थ्य परिणामों में सुधार करने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। यह इसे राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष चिकित्सा संस्थानों की सूची में शामिल करता है।

# कैट वर्ष 2025 को व्यापारी स्वाभिमान वर्ष के रूप में मनाएगा, देशभर में होंगे अनेक कार्यक्रम : अमर पारवानी

**व्यापारियों के अधिकारों और सम्मान के लिए होगी विशेष पहल, दिल्ली में 6-7 जनवरी को होने वाले राष्ट्रीय व्यापारी सम्मेलन होंगे बड़े निर्णय**



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने वर्ष 2025 को व्यापारी स्वाभिमान वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। कैट ने बताया कि यह वर्ष व्यापारियों के अधिकारों, देश के आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक विकास में उनके योगदान, और उनकी समस्याओं को उजागर करने तथा उनके सम्मान को स्थापित करने के उद्देश्य से समर्पित होगा।

कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने बताया कि आगामी 6-7 जनवरी को दिल्ली में कैट एक राष्ट्रीय व्यापारी सम्मेलन आयोजित कर रहा है जिसमें देश के सभी राज्यों के 150 से अधिक प्रमुख व्यापारी नेता शामिल होंगे और व्यापारी स्वाभिमान वर्ष के सभी कार्यक्रमों को अंतिम रूप देंगे। देश भर के 48 हजार से ज्यादा व्यापारिक संगठन इस बृहद योजना के क्रियान्वयन में जुटेंगे। श्री पारवानी एवं श्री दोशी ने बताया की प्रारंभिक रूप से व्यापारी स्वाभिमान वर्ष के अंतर्गत मुख्य कार्यक्रम की योजना बनाई गई है जिसमें विभिन्न कार्यक्रम होंगे जो निम्नानुसार है। देशव्यापी अभियान- व्यापारियों की समस्याओं को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। केंद्र और राज्य सरकारों के साथ संवाद कर व्यापारियों के लिए हितकारी नीतियों की मांग की जाएगी। सम्मान समारोह- देशभर में व्यापारियों के योगदान को मान्यता देने के लिए विशेष सम्मान समारोह आयोजित किए जाएंगे।

# पॉवर कंपनी मुख्यालय में अध्यक्ष डॉ.यादव ने दी ऊर्जावान और प्रकाशवान नववर्ष की शुभकामनाएं



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज मुख्यालय में नववर्ष 2025 के अवसर पर अध्यक्ष डॉ.रोहित यादव ने वरिष्ठ अधिकारियों सहित समस्त आगन्तुकों से बधाइयों तथा शुभकामनाओं का आदान-प्रदान किया। डॉ.यादव ने सभी के ऊर्जावान और प्रकाशवान भविष्य के लिए शुभेच्छाएं व्यक्त की।

सर्वप्रथम प्रबंध निदेशक (जनरेशन) कंपनी श्री एस.के. कटियार, प्रबंध निदेशक (ट्रांसमिशन) कंपनी श्री राजेश कुमार शुक्ला, प्रबंध निदेशक (डिस्ट्रीब्यूशन) कंपनी श्री भीमसिंह कंवर ने पुष्पगुच्छ भेंट कर डॉ. यादव का अभिवादन किया। अभियंता संघ के महासचिव श्री मनोज वर्मा ने अपने प्रतिनिधि मंडल के साथ कंपनी अध्यक्ष से भेंट की। इसी तरह विभिन्न अधिकारी-कर्मचारी संगठनों द्वारा भी कंपनी अध्यक्ष तथा प्रबंध निदेशकों से भी भेंट कर शुभकामनाओं का आदान-प्रदान किया गया। समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए भी अध्यक्ष कक्ष खुला था। विभिन्न कार्यालयों में पहुंच कर लोग एक-दूसरे को नये वर्ष की शुभकामनाएं प्रदान करते रहें। डॉ. यादव ने इस अवसर पर कंपनी कर्मियों को उत्तम स्वास्थ्य और सुखद भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने उत्पादन, पारेषण तथा वितरण तीनों कंपनियों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ऊर्जावान और प्रकाशवान भविष्य के लिए शुभेच्छाएं प्रदान की। डंगनिया स्थित मुख्यालय परिसर में समस्त विभागाध्यक्ष कार्यालयों में नववर्ष मिलन का सिलसिला चलता रहा।

# तरूण प्रकाश ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक का पदभार ग्रहण किया



**बिलासपुर ( विश्व परिवार )।** दिनांक 01 जनवरी 2025 को श्री तरूण प्रकाश ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक के पद पर पदभार ग्रहण किया। इस नियुक्ति से पहले वे रेलवे बोर्ड में प्रधान कार्यकारी निदेशक (सिग्नल एवं दूरसंचार)/विकास के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे थे।

श्री तरूण प्रकाश भारतीय रेल सिग्नल इंजीनियरिंग सेवा (इ्रूक्रस्स्ध) के 1988 बैच के अधिकारी हैं। उन्होंने आईआईटी रुड़की से इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन में बी.टेक. और आईआईटी दिल्ली से कंप्यूटर साइंस में एम.टेक. की डिग्री प्राप्त की है। प्रबंधन क्षेत्र में उन्होंने बिकोन्नी मेलॉन और आईएसबी हैदराबाद से विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया है। उन्होने मलेशिया और सिंगापुर जैसे देशों के ख्याति प्राप्त संस्थानों से अध्ययन और प्रशिक्षण प्राप्त किया है। श्री तरूण प्रकाश, महाप्रबंधक ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में पहले भी प्रधान मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर के पद पर कार्यरत रहे हैं। उनके नेतृत्व और तकनीकी दक्षता से रेलवे को उस समय व्यापक लाभ प्राप्त हुआ था। उन्होंने अपनी रेल सेवा की शुरुआत उत्तर रेलवे में सहायक सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर के रूप में की थी और इसके बाद विभिन्न महत्वपूर्ण पदों जैसे उत्तर रेलवे में मुख्य संचार इंजीनियर, मुरादाबाद मंडल में मंडल रेल प्रबंधक, और दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में प्रधान मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर के रूप में अपनी सेवाएं दीं है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे वर्तमान में प्रमुख स्टेशनों के पुनर्विकास और अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत स्टेशनों के उन्नयन कार्यों को गति दे रहा है। साथ ही, रेलवे की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने के लिए दोहरीकरण, तीसरी और चौथी रेल लाइनों का निर्माण कार्य प्रगति पर है तथा सभी महत्वपूर्ण रेलखंडों में ऑटोमैटिक सिग्नलिंग के कार्य भी तीव्र गति से किए जा रहे है। महाप्रबंधक के रूप में श्री तरूण प्रकाश के नेतृत्व में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे अधोसंरचना और यात्री सुविधाओं के कार्यो को और भी अधिक ज्यादा गति मिल सके।

# नए साल के आगमन पर राजधानी रायपुर के दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में उमड़ी भीड़

**संपूर्ण विश्व में सुख शांति समृद्धि जनकल्याण हेतु शांतिधारा, विशेष पूजन किया गया**



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** आज 2025 का आज पहला दिन है नव वर्ष के आगमन की आज सभी ओर धूम मची है सभी अपने-अपने तरीके से नववर्ष का स्वागत कर रहे है। नववर्ष 2025 के अवसर पर शहर के दिगंबर जैन मंदिरों एवं काफी भीड़ आज देखने को मिली है। मीडिया प्रभारी प्रणीत जैन ने बताया कि श्री आदिनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर( लघु तीर्थ) जो कि राजधानी रायपुर शहर के मध्य मालवीय रोड में स्थिति है। यह दिगंबर जैन बड़ा मंदिर रायपुर के प्राचीन मंदिरों में एक है जो कि लगभग 120 वर्ष पुराना है। प्राचीन और बड़ा मंदिर होने के कारण यहां की मान्यता बाकी मंदिरों से ज्यादा है। और प. पूज्य समाधिस्थ संत शिरोमणि 108 आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से वर्ष 18 दिसम्बर 2023 को उनके रायपुर प्रवास के दौरान बड़ा मंदिर का जीर्णोद्धार कर नवीन मंदिर का निर्माण लघु तीर्थ के रूप में बनाने का आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन हम राजधानी वासियों को प्राप्त हुआ था। लघु तीर्थ संकल्प हेतु जिनालय के मूलनायक श्री आदिनाथ भगवान की बेदी के समक्ष अखंड ज्योत भी प्रज्वलित की गई है। जो कि विगत 1 वर्ष से निरंतर प्रज्वलित है। आज नव वर्ष 2025 के शुभ अवसर पर जिनालय में प्रातः काल से ही धर्म प्रेमी बंधु श्रावक गणों की भीड़ लगी रही। आज के शुभ अवसर पर जिनालय की पार्श्वनाथ भगवान की बेदी के समक्ष समस्त विश्व में शांति, समृद्धि एवं जन कल्याण हेतु अभिषेक, शांति धारा, पूजन का आयोजन आध्यात्मिक प्रयोगशाला के माध्यम से किया गया। सुबह 8.30 बजे सभी ने शुद्ध धोती दुपट्टे धारण कर मंगलाष्टक पढ़ कर जगत कल्याण हेतु श्री शांतिनाथ भगवान को पांडुशिला में विराजमान किया। अभिषेक पाठ का स्तवन कर सभी ने प्रासुक जल से रजत कलशों से भगवान का जलाभिषेक किया।जल अभिषेक उपरांत समस्त विश्व में शांति समृद्धि जनकल्याण निमित्त रिद्धि सिद्धि सुख शांति प्रदाता शांति धारा मंत्रोच्चार सम्पूजकानां प्रतिपालकानां, यतीन्द्र-सामान्य-तपोधनानाम्। देशस्य राष्ट्रस्य पुरस्य राज्ञः, करोतु शान्तिं भगवान् जिनेन्द्र के साथ की गई। आज की शांति धारा करने का सौभाग्य अशोक जैन एवं सौमिल जैन द्वारा की गई। शांति धारा पश्चात भगवान की संगीतमय मंगलमय आरती भी भक्ति भाव से सभी ने की। आज अष्ट द्रव्यों से निर्मित अर्घ्य चढ़ा कर सभी ने देव शास्त्र गुरु पूजन एवं श्री शांति नाथ भगवान का पूजन किया अंत में शांति पाठ पढ़ कर पूजन समाप्त किया। आज के कार्यक्रम में विशेष रूप से मैनेजिंग ट्रस्टी नरेंद्र जैन गुरु कृपा, श्रेयस जैन बालू, दिलीप जैन कोषाध्यक्ष, सुजीत जैन सचिन, प्रवीण जैन, प्रदीप जैन कुरा वाले, रासु जैन, किशोर जैन, राज जैन, अशोक जैन, सौमिल जैन, कीर्ति जैन, मनीष जैन, राजेश रज्जन जैन एवं मीडिया प्रभारी प्रणीत जैन उपस्थित थे।

# हेलमेट जागरूकता बाईक रैली के साथ 36वॉ राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 का हुआ आगाज

## न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे अध्यक्ष, सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी के द्वारा हरी झण्डी दिखाकर किया गया रवाना

**एसएसपी डॉ. लाल उमेंद सिंह, स्वयं बाईक चलाकर हेलमेट पहनकर कर वाहन चलाने दिया संदेश**



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** नया साल 2025 के शुभारंभ होते ही सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा दिनांक 01 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक 36 वॉ राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किये जाने आदेशित किया गया है। उक्त आदेश के परिपालन में यातायात पुलिस रायपुर एवं अंतर विभागीय लीड एजेंसी पुलिस मुख्यालय रायपुर द्वारा आज दिनांक 01 जनवरी 2025 को हेलमेट जनजागरूकता बाईक रैली के साथ 36 वॉ राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 का शुभारंभ किया गया, जिसे मान. न्यायमर्ति श्री अभय मनोहर सप्रे अध्यक्ष, सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी द्वारा हरी झण्डी दिखाकर उक्त रैली को रवाना किया गया। इस बाईक रैली में डॉ. लाल उमेंद सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर, डॉ. अनुराग झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रायपुर, गुरजीत सिंह एवं सतीष ठाकुर, उप पुलिस अधीक्षक यातायात रायपुर द्वारा दोपहिया वाहन चलाकर आम नागरिकों को दोपहया वाहन चालन के दौरान अनिवार्य रूप से हेलमेट धारण करने के लिए प्रेरित किया गया।

बता दे कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रतिवर्ष माह जनवरी में सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया जाता है जिसका मकसद, वाहन चालकों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सड़क दुर्घटनाओं को कम करना है। सड़क सुरक्षा माह के दौरान यातायात पुलिस जिले के विभिन्न स्कूल, कालेज, शैक्षणिक संस्थानों एवं राष्ट्रीय राजमार्ग/राजकीय राजमार्ग के किनारे स्थित ग्राम पंचायतों में कई तरह की गतिविधियॉ और आयोजन कर लोगों को यातायात नियमों से संबंधित जानकारी देकर नियमों का पालन कर वाहन चलाने हेतु प्रेरित किया जाता है साथ ही यातायात नियमों का पालन नही करने से होने वाले जान माल की हानि के बारे में बताया जायेगा। जिसका प्रमुख उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण कर सुगम सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाना है।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के निर्देशानुसार 36 वॉ सड़क सुरक्षा माह 2025 का शुभारंभ हेलमेट जागरूकता बाईक रैली के साथ किया गया। जिसका प्रमुख उद्देश्य दोपहिया वाहन चालकों में हेलमेट के प्रति जागरूकता लाना है। क्योंकि वर्ष 2024 में घटित सड़क दुर्घटना प्रकरणों का अवलोकन करने पर सबसे ज्यादा मृत्यु दोपहिया वाहन में हुई है जिसका मुख्य कारण सिर में गंभीर चोट आने से होना पाया गया। यदि दोपहिया वाहन चालक हेलमेट धारण कर वाहन चलाना प्रारंभ करेंगे तो निश्चित ही सड़क दुर्घटना में मृत्यु के प्रकरणों में 40-50 प्रतिशत की कमी लाई जा सकती है। इसी उद्देश्य से यातायात पुलिस रायपुर द्वारा प्रमुखता के आधार पर दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट धारण कर वाहन चलाने के प्रति जागरूकता लाने बाईक रैली का आयोजन किया गया।

अपील- वाहन चालकों से अपील है, यातायात नियमों का पालन कर वाहन चलाए। नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने ना दे। वाहन के संपूर्ण कागजात हमेशा दुरूस्त रखें। बिना हेलमेट दोपहिया वाहन ना चलाए, नशे की हालत में वाहन ना चलाए, चार पहिया वाहन चालन के दौरान अनिवार्य रूप से सीट बेल्ट लगाए, वाहन चलाते समय मोबाईल फोन का उपयोग ना करें, सड़कों पर नो पार्किंग पर वाहन खड़ी कर दूसरों के लिए असुविधा या दुर्घटना का कारण ना बने।

चोट एवं जलने के बाद घाव की प्लास्टिक सर्जरी
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

लोन लेने के लिए ITR बनवायें मात्र 500/- में
शेखर गुप्ता ONLYTDS.COM
ITR GST
हमारे TAX Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
G.S.T. रिटर्न
Food Licence
इन्कम TAX फाईल
M.S.M.E. रजिस्ट्रेशन
TDS रिफंड
प्रोजेक्ट रिपोर्ट
IT नोटिस
डिजिटल सिग्नेचर
9300755544, 8878655544

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354